इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## सेल्फी के चक्कर में गई जान : वडोदरा की हरणी झील में बच्चों को ले जा रही नाव पलटी, दो शिक्षकों समेत 16 की मौत



वडोदरा। गुजरात के वडोदरा की हरणी मोटनाथ झील में बच्चों को ले जा रही एक नाव पलट गई। वड़ोदरा पुलिस ने बताया कि हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 14 बच्चे और दो शिक्षक शामिल हैं। नाव में 27 बच्चे सवार थे, जोकि पिकनिक मनाने जा रहे थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुर्घटना पर शोक जताया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के 23 बच्चे और 4 शिक्षक पिकनिक मनाने के लिए हरणी झील गए थे। लोगों का कहना है कि सेल्फी लेने के लिए सभी बच्चे और शिक्षक नाव में एक ओर पहुंच गए। इससे नाव बेकाबू होकर पलट गई। नाव में सवार बच्चे और शिक्षकों ने लाइफ जैकेट भी नहीं पहनी थी। उनकी आवाज सुनकल आस-पास के लोग बचाने के लिए दौड़े। जब तक बचाव और राहत टीमें वहां पहुंची तब तक कई बच्चों को बचाया जा चुका था। बचाव और राहत कार्य में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ) और फायर ब्रिगेड के साथ ही अन्य एजेंसियों को भी लगाया गया। वडोदरा के जिला कलेक्टर एबी गोर ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाव पर 27 बच्चे थे। वडोदरा के जिलाधिकारी एबी गौड़ ने बताया कि नाव की क्षमता 16 लोगों की थी लेकिन इसमें 27 लोग सवार थे। हादसे के बाद बचाए गए बच्चों और शिक्षकों को जाह्नवी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि हम अन्य लोगों का पता लगाने और उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

गुजरात के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने भी इस हादसे पर दुख जताया और कहा कि मुझे अभी पता चला है कि स्कूली छात्रों को ले जा रही एक नाव झील में पलट जाने से छह बच्चों की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी ने जताया दुख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मैं वडोदरा की हरणी झील में नाव पलटने से हुई जनहानि से दुखी हूं। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावितों को हर संभव मदद कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की और हर घायल को 50 हजार रुपये की मदद की जाएगी।

### भूपेंद्र पटेल बोले- हादसा हृदय विदारक

वहीं, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि हादसा अत्यंत हृदय विदारक है। मैं मृत मासूमों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें दुःख सहने की शक्ति दें।

## राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हुए रामलला, करीब 4 घंटे चला विधि-विधान



नई दिल्ली। अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन के लिए अनुष्ठान जारी है. 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले एक-एक करके शास्त्रोक्त विधियों से पूजा-पाठ संपन्न किया जा रहा है. इसी कड़ी में गुरुवार को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में श्रीराम लला के विग्रह को स्थापित कर दिया गया है. गुरुवार शाम को यह शुभकार्य संपन्न किया गया, जब रामलला की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित हो गई. एक तरह से सदियों बाद रामलला अपने जन्मस्थान पर विराजित हो चुके हैं, अब 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होनी है.

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद होंगे पावन विग्रह के दर्शन

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के पावन विग्रह के दर्शन किए जा सकेंगे. जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को भगवान राम के विग्रह को गर्भ गृह के आसन पर रख दिया गया. रामलला की मूर्ति को आसन पर स्थापित करने में कुल चार घंटे से ज्यादा का वक्त लगा. मंत्रोच्चार विधि कर और पूजन विधि के साथ भगवान राम के इस विग्रह को आसन पर विराजित किया गया. इस दौरान मूर्तिकार योगीराज और कई संत भी मौजूद थे. हालांकि आखिरी तौर पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी.

गुरुवार को जब रामलला की प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया गया तो पूरी तरीके से ढकी हुई रामलला की मूर्ति अब आसन पर विराजमान कर दी गई है.

### पीएम मोदी कर रहे हैं 11 दिन का अनुष्ठान

दूसरी ओर बता दें कि पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा के लिए यम-नियम का पालन कर रहे हैं. उनका 11 दिनों का अनुष्ठान जारी है. सूत्रों के हवाले से खबर पीएम मोदी ने राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रीतिष्ठा के लिए जो 11 दिन का अनुष्ठान रखा है, उसमें वो जमीन पर कंबल बिछाकर कर सोते हैं और सिर्फ नारियल पानी ही पीते हैं बता दें कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान जारी है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को शासकीय कार्यालयों में हॉफ टाइम रहेगी छुट्टी



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है. अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 22 जनवरी को 2.30 बजे तक अवकाश रहेगा. सारे शासकीय कार्यालय में हॉफ टाइम छुट्टी की घोषित करते हैं.

आपको बता दें कि अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है. इसके चलते केंद्र सरकार 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी का ऐलान कर चुके हैं. वहीं सीएम साय ने भी कहा कि, छत्तीसगढ़ में भी आधे दिन की छुट्‌टी रहेगी.

केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी ऑफिस मेमोरेंडम के मुताबिक कर्मचारियों की भावना और भारी अनुरोध के चलते केंद्र सरकार ने 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2.30 बजे तक सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है.

## पाकिस्तान ने ईरान में कई ठिकानों पर किया हमला, बलूच में एयरस्ट्राइक के बाद दी थी चेतावनी



नई दिल्ली। पाकिस्तान ने गुरुवार को ईरान के कई इलाकों पर हमला किया है. इन हमलों से पहले पाकिस्तान ने तेहरान को बीते दिन बलूच इलाके में किए गए एयरस्ट्राइक के परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी. पाकिस्तान ने कथित तौर पर बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की चौकियों पर हमला किया है. इस हमले की आधिकारिक पुष्टि ईरान ने कर दी है. वहीं, ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान में जैश अल-अदल समूह के मुख्यालय पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था, इसे हमारे देश की सुरक्षा के खिलाफ आक्रामकता के जवाब में ईरान द्वारा उठाया गया एक और निर्णायक कदम बताया था.

प्रांत के एक डिप्टी गवर्नर जनरल ने ढ्ढ्रह्र को बताया कि ईरान के अशांत सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सारावन शहर के पास कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई. उन्होंने कहा कि अधिकारी विस्फोट की जांच कर रहे हैं. बता दें कि पाकिस्तान में जैश अल-अदल आतंकवादी समूह के खिलाफ ईरानी हमले के बाद पाकिस्तानी हवाई हमले की खबर सामने आई है. स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, जैश अल-अदल समूह मुख्यालय पर हमले पर परिणाम भुगतने की चेतावनी देने के एक दिन बाद पाकिस्तान ने ईरान के कई इलाकों पर हमला किया है.

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा, ईरान ने पाकिस्तान की संप्रभुता का बेवजह और खुला उल्लंघन कर अंतरराष्ट्रीय कानून और ह्व के चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों का उल्लंघन किया. यह अवैध हरकत पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसका कोई औचित्य नहीं है. बता दें कि ईरान के मिसाइल और ड्रोन अटैक में 2 बच्चों की मौत और तीन लोगों के घायल होने की पुष्टि के बाद पाकिस्तान ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी तेहरान को दी थी.

### ईरान के कई इलाकों पर पाकिस्तान का हमला

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान के पास इस ÷अवैध कृत्य÷ पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार है. इसके जो भी परिणाम होंगे, उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से ईरान की होगी.अब पाकिस्तान की तरफ से ईरान के कई इलाकों में हमला किया गया है, इसे बलूचिस्तान में किए गए हमलों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है. बता दें कि पाकिस्तान की चेतावनी के बाद ईरान ने अचानक अपने बॉर्डर पर फौज की तैनाती बढ़ा दी थी. माना जा रहा था कि पाकिस्तान की सेना आतंकियों को ढाल बनाकर ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर सकती है.

## सीएम विष्णुदेव साय बोले- धैर्य रखें किसान, जल्द मिलेगी धान की अंतर राशि



कबीरधाम। बोड़ला ब्लॉक के कुसुमघटा गांव में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, पवन साय समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री बनने के बाद साय का यह पहला कबीरधाम जिला आगमन था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर काम किया जा रहा है। हमने किसान से प्रति क्विंटल 3100 रुपये के हिसाब से खरीदी का वादा किया है। वर्तमान में 2100 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल के दाम से खरीदी की जा रही है। इसके बाद के अंतर की राशि जल्द दी जाएगी, इसलिए सभी किसान धैर्य रखें। जल्द ही धान की अंतर राशि एकमुश्त दी जाएगी।

उन्होंने कहा, बीती सरकार के कार्यकाल के दौरान कई गड़बड़ी हुई हैं, इसमें से एक सीजीपीएसपी भर्ती भी रहा है। इस गड़बड़ी को लेकर हम सीबीआई जांच कराएंगे। इसके अलावा महिलाओं को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष दिए जाने को लेकर कार्रवाई जारी है। इस योजना के लिए हमने बजट का प्रावधान कर दिया है। हमने जो भी घोषणा की है, सभी को पूरा करेंगे।

## ईडी के चौथे समन पर पेश नहीं हुए सीएम केजरीवाल, चुनाव प्रचार से रोकना चाहती है भाजपा



नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भेजे गए समन पर पेश नहीं हुए. अब मीडिया को प्रतिक्रिया दी है. सीएम केजरीवाल ने इस समन को अवैध और गैरकानूनी करार दिया है. उन्होंने कहा कि दो साल से इस मामले में जांच चल रही है लेकिन उन्हें जांच में कुछ हासिल नहीं हुआ है. सीएम केजरीवाल ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि वह लोकसभा चुनाव से पहले मुझे गिरफ्तार कर चुनाव प्रचार से दूर करना चाहती है.

सीएम केजरीवाल ने कहा, ईडी ने मुझे चौथा नोटिस भेजा है जिसमें उन्होंने कहा है कि आप 18 या 19 जनवरी में से किसी भी तारीख को आ जाइए. ये चारों नोटिस भेजे गए हैं ये कानून की नजर में अवैध हैं. ऐसे नॉन-स्पेसिफिक नोटिस ईडी द्वारा जब भी भेजे गए हैं उनको कोर्ट ने खारिज कर दिया है. उन्हें अवैध और गैरकानूनी करार दिया है. मैंने ईडी को लिखकर दिया है लेकिन ईडी ने कोई जवाब नहीं दिया है.

### दो साल में ईडी को जांच में कुछ नहीं मिला- सीएम केजरीवाल

सीएम केजरीवाल ने साजिश का आरोप लगाते हुए कहा, ईडी एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत नोटिस भेज रहा है. ये जांच दो साल से चल रही है. दो साल में इनको कुछ नहीं मिला, कई अदालत इनसे पूछ चुकी हैं. कितने पैसे मिले, कोई सोना मिला, कहीं जमीन मिला, कितने पैसे की रिकवरी हुई. कोई कैश मिला? लोगों को मार-मार कर झूठे बयान लिए जा रहे हैं. दो साल से जांच चल रही है. लोकसभा चुनाव के दो महीने पहले अचानक नोटिस देकर मुझे क्यों बुलाया जाता है.

### सीएम केजरीवाल का आरोप, चुनाव से पहले गिरफ्तार करने की साजिश

सीएम ने कहा, चारों तरफ बीजेपी वाले घूम-घूमकर बता रहे हैं कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू कश्मीर - एलओसी पर बारुदी सुरंग में विस्फोट, अग्निवीर का बलिदान, दो जवान घायल

जम्मू। संभाग के जिला राजोरी के नौशेरा में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाके में बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इससे एक जवान की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यह विस्फोट उस समय हुआ जब जवान अग्रिम इलाके में गश्त पर थे। जानकारी के अनुसार, राजोरी जिले के कलाल में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकी पोखरा के पास गश्त के दौरान गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इससे एक जवान का बलिदान हो गया और दो जवान घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत अन्य जवान मौके पर पहुंचे। उपचार के लिए घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत एयरलिफ्ट के माध्यम से घायल एक जवान को उधमपुर कमान अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

पंजाब के जिला लुधियाना के निवासी अग्निवीर अजय सिंह बलिदान को प्राप्त हुए। सिपाही बलवंत को चोटें आई हैं, जिनका इलाज उधमपुर में जारी है। नायब सुबेदार धरमिंदर सिंह को हल्की चोटें आई हैं। उनका इलाज 150 जीएच में उनका उपचार चल रहा है। उधर, जम्मू जिले के साथ लगते सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध सुरंग मिलने की सूचना है। जानकारी मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम मौके पर पहुंची। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विदेश मंत्रालय की दो टूक- आतंकवाद पर हमारा रुख स्पष्ट, पाकिस्तान-ईरान मामले पर नहीं करेंगे टिप्पणी



नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग की। इस दौरान उसने भारत-मालदीव संबंध, कतर में भारतीय नौसेना के कर्मियों, इस्राइल हमास युद्ध, ईरान-पाकिस्तान विवाद सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। एमईए ने कहा कि वह आतंकवाद को लेकर पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुका है और इस्लामाबाद व तेहरान के मामले पर टिप्पणी नहीं करेगा।

### भारत-मालदीव-कोर समूह की अगली बैठक में होगी चर्चा

एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मालदीव के मुद्दे पर कहा, दोनों देशों के बीच जो भी चर्चा हुई है, उसे प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सामने रखा गया है। मालदीव में भारत के विमान-हेलीकॉप्टर और सैनिकों की तैनाती पर उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यावहारिक समाधान खोजने पर चर्चा की है। इसलिए, चीजें आगे बढ़ेंगी। जल्द ही कोर समूह की अगली बैठक में मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। प्रवक्ता ने कतर की अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, हमारे राजदूत दूतावास के अधिकारियों के साथ गिरफ्तार किए गए आठ लोगों से मिले थे। जैसा कि हमने पहले भी आपको बताया था कि कानूनी टीम अपील करने के पहलू को देख रही है। साठ दिनों की अवधि के भीतर उन्हें यह अपील दायर करनी है। मामला अब दूसरी अदालत में है। जिस पर कानूनी टीम फैसला करेगी। हमारे पास अभी कुछ समय है। हमारे राजदूत ने उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना है।

### लाल सागर में हिंसा से हम बेहद चिंतित

लाल सागर में तनाव को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री (एस. जयशंकर) ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने डाक टिकट जारी किया, श्रीराम को समर्पित खास एल्बम में 20 देशों का टिकट



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने डाक टिकट जारी किया, श्रीराम को समर्पित खास एल्बम में 20 देशों का टिकट भी शामिल किए गए है। साथ ही रामचरितमानस की चौपाई- 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर और उसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं।

### राम मंदिर से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में डाक टिकट जारी किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को रामलला की प्रतिमा स्थापना और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। 11 दिनों का विशेष अनुष्ठान कर रहे पीएम मोदी ने आज राम मंदिर से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला में डाक टिकट जारी किया। उन्होंने श्रीराम पर जारी टिकटों की पुस्तक भी रिलीज की। तस्वीरों के खास संकलन में अयोध्या के राम मंदिर की बारीकियों को देखा-समझा जा सकेगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की यह पुस्तक डाक विभाग ने तैयार की है।

### भगवान राम को समर्पित खास एल्बम का आकर्षण

एल्बम में शामिल डिजाइन के घटकों में राम मंदिर, तुलसीदास रचित रामचरितमानस की चौपाई- 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर और उसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं। पीएम मोदी ने बताया कि इस खास एल्बम में मंदिर और देश की संस्कृति से जुड़ी बारीकियों का अनुभव किया जा सकेगा।

### पंचमहाभूतों का अद्भुत संकलन

पुस्तक की विशेषता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसमें सोने की पत्ती की मदद से डिजाइन सूर्य की किरणों और चौपाइयों से राजसी प्रतीक का एहसास होता है। डिजाइन में शामिल अलग-अलग तत्वों से मानव शरीर की रचना में शामिल पांच भौतिक तत्व- आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल का भी प्रतिबिंब मिलता है। इन्हें 'पंचभूत' भी कहा जाता है। बकौल प्रधानमंत्री मोदी, यह पुस्तक इंसान की सभी अभिव्यक्तियों के लिए जरूरी पंचमहाभूतों का पूर्ण और अद्भुत संकलन है। पंचतत्व के दर्शन का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा-आरएसएस का है लोगों को लड़ाने का काम-राहुल



जोरहाट, (असम)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश में नफरत फैलाते हैं, धर्म के आधार पर लोगों को लड़ाते हैं और फिर जनता का धन लूटते हैं। श्री गांधी ने भारत 'जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गुरुवार को असम नागालैंड सीमा पर स्थित नकाचरी देवरापारा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी और अब पूरब से पश्चिम की यात्रा पर हैं।

भारत जोड़ो यात्रा 4,000 किलोमीटर की थी। तब भाजपा के लोग यात्रा के फायदे को लेकर सवाल करते थे लेकिन सच यह है कि इस यात्रा ने हिंदुस्तान के पॉलिटिकल नेरेटिव को बदल दिया है। उन्होंने कहा, जब कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की, तो काफी लोग मेरे पास आए। उन्होंने हमसे कहा देखिए, आपने साउथ से नॉर्थ की यात्रा तो कर ली, मगर अब आपको ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट भी यात्रा करनी चाहिए। इसलिए हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरु की और ये यात्रा मणिपुर, नागालैंड, असम से लेकर महाराष्ट्र तक जाएगी। इस यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति की जनता को एक करने का तो है, मगर इसमें हमने न्याय शब्द भी जोड़ा है। क्योंकि हम मानते हैं कि देश में, हर प्रदेश में भाजपा और आरएसएस अन्याय कर रहे हैं- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय और राजनीतिक अन्याय। मणिपुर में आप जानते हैं, गृहयुद्ध जैसा माहौल बना हुआ है, पूरा राज्य बांट दिया गया है और प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए। कांग्रेस नेता ने कहा कि नागालैंड से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े वादे करते हुए नौ साल पहले एक समझौता पर हस्ताक्षर किए थे लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया है। नागालैंड के लोग आज पूछ रहे हैं कि समझौते का क्या हुआ, प्रधानमंत्री के वादे का क्या हुआ। असम में भी हाल खराब हैं। शायद देश की सबसे भ्रष्ट सरकार असम में है और वह भारत जोड़ो ने यात्रा के दौरान असम के लोगों से जुड़े सभी मुद्दों को उठाएंगे।

नागालैंड की यात्रा को सफल बनाने के लिए उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा इस कार्यक्रम की सफलता के लिए काम करने वाली टीम को धन्यवाद देते हुए कहा, आपने यात्रा को बहुत अच्छे तरीके से नागालैंड में चलाया, बहुत अच्छा रिस्पांस मिला और अब मुझे लगता है कि असम में वैसा ही रिस्पांस बहुत गहरा, प्यार भरा रिस्पांस हमें मिलेगा। आपने शंकर देव जी की बात की, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# धान खरीदी के अंतिम दिन तक पूरा कर लिया जाएगा टारगेट ?

○ धान का उठाव अभी भी कछुए की गति में
○ नाराज किसान आन्दोलन की तैयारी में...

राजनांदगांव (दावा)। एक नवम्बर 2023 से किसानों से समर्थन मूल्य में प्रारंभ की गई धान खरीदी का अंतिम दिन नजदीक आते जा रहा है। 31 जनवरी तक खरीदी कार्य को समेटने की बारी आ गई है लेकिन धान उठाव के लिए परिवहन की व्यवस्था अभी भी सुस्त बनी हुई है। इसके चलते समितियों में धान जाम बना हुआ है।

हालांकि अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी सोसायटियों में 31 जनवरी तक खरीदी के लक्ष्य को पूरा कर लिए जाने की बात कही जा रही है। लेकिन इस साल भाजपा द्वारा चुनाव के समय किसानों से प्रति एकड़ 21 सौ क्विंटल धान व उसे 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल खरीदी किए जाने की घोषणा से अविभाजित जिले में खरीदी का लक्ष्य लगभग 65 लाख क्विंटल के बजाय 75 लाख क्विंटल का लक्ष्य पूरा कर लिए जाने की बात सामने आ रही है। भाजपा सरकार द्वारा किसानों से खरीदी की मात्रा व कीमत बढ़ाने के चलते केन्द्रों में धान की बम्पर आवक हो रही है। किसान व बिचौलिए इधर-उधर से धान खरीदी कर लाकर केन्द्रों में धान बेच रहे है। इससे उनको अच्छा लाभ हो रहा है। ऐसे लोगों पर प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी गई है व उन्हें धर-पकड़ किया जा रहा है।

### प्रशासन अलर्ट

बताते चले कि सरकार के 21 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा के बाद उपार्जन केन्द्रों में कोचिए सक्रिय हो गए बाहरी धान भी खरीदी केन्द्रों में खपाए जाने की शिकायत आने लगी। इसको लेकर प्रशासन ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में जांच की जिसमें कई ऐसे मामले पकड़े भी गए। इसके बाद खरीदी केन्द्रों में कड़ाई शुरू हो गई है। प्रशासन द्वारा अवैध धान की खरीदी को रोकने हेतु पहले से धान बेच चुके किसानों के उत्पादन जांच करने के निर्देश दे दिए है। ताकि अतिरिक्त एक क्विंटल की आड़ में किसानों के पीछे कोचिए अपना धान खरीदी केन्द्रों में न खपाए।

बता दे कि जिले में कुल एक लाख 28 हजार पंजीकृत किसान है। अभी तक एक लाख नौ हजार किसानों ने धान बेचा है। उक्त हिसाब से अभी भी 18 हजार किसान धान बेचने की कतार में है। वही धान का उठाव 29 लाख क्विंटल ही हुआ है।

### नहीं खरीदा जा रहा शेष एक क्विंटल धान

बता दे कि जिन किसानों ने भाजपा की घोषणा के पूर्व अपने धान 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से बेच चुके है। उनसे प्रति एकड़ बढ़े हुए एक क्विंटल धान की खरीदी नहीं की जा रही है। इससे किसान खासे नाराज है। गत दिनों किसान संघ के मदन साहू ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित भी किया है। जिला किसान संघ के सुदेश टीकम ने बताया कि जिले में धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी तक यदि किसानों के अतिरिक्त एक क्विंटल धान की खरीदी नहीं की गई तो जिले के किसान उनके शेष एक-एक क्विंटल धान को लेकर प्रशासन का घेराव करेंगे।

### धान खरीदी पर एक नजर

जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में 115290 किसानों से 6265338 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसकी खरीदी राशि 137184.78 लाख रूपए है तथा परिवहन 431327820 क्विंटल है। इसी तरह खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 61169 किसानों से 3471427.60 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसकी राशि 75998.33 लाख रूपए है। वही परिवहन 218765720 क्विंटल धान का किया गया है। खरीदी से लेकर परिवहन की सबसे कम रफ्तार मोहला-मानपुर अं. चौकी जिले में रही वनांचल क्षेत्र के 34213 किसानों से 1777066.40 क्विंटल धान खरीदी गया जिसकी राशि 39041.61 लाख रूपए है वही परिवहन 930859.47 क्विंटल का हुआ है।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर छोटे बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। श्री रामदरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 जनवरी से 22 जनवरी तक श्री छोटे बालाजी मंदिर सालासर धाम समता हॉस्पिटल, बाबा रामदेव मंदिर रोड, राजनांदगांव में आयोजन किया गया है, जिसमें 20 जनवरी को भव्य कलश यात्रा सुबह 9 बजे, बाबा रामदेव मंदिर से दोपहर 1 बजे से जलाधिवास व 5 बजे अन्नाधिवास, 21 जनवरी को सुबह 9 बजे देव पूजा 12 बजे शैयाधिवास 4 बजे हवन व पूजा, 22 जनवरी को सुबह 9 बजे महाअभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 1 बजे महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# आज मोतीपुर में ओशो महापरिनिर्वाण दिवस

राजनांदगांव (दावा)। श्वांस जाये उसके पहले जाग जाये। जी हां उक्त सूक्ती वाक्य आधुनिक काल के महान दार्शनिक ओशो के हैं जिनका महापरिनिर्वाण दिवस 19 जनवरी को मोतीपुर मुक्तिधाम स्थित ओशो चैतन्य योग ध्यान मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा। स्वामी आनंद कमल ने बताया कि इसके तहत 19 जनवरी की शाम 5 से 6 बजे तक कुण्डलनी ध्यान होगा। पश्चात 7 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। फिर देर रात्रि तक कीर्तन एवं ओशो के ऑडियो एवं वीडियो कैसेट प्रशासन एवं ध्यान उत्सव के साथ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में ओशो प्रेमियों के लिए ओशो साहित्य भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम का व्यवस्थापन प्रतिवर्ष प्रकाश बजाज उर्फ पप्पू बजाज द्वारा किया जाता है। स्वामी आनंद कमल ने सभी ओशो प्रेमियों एवं सन्यासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### नि:शुल्क रोजगार मेला 24 को



राजनांदगांव (दावा)। आईसेक्ट एनएसडीसी कौशल विकास परियोजना के अंतर्गत शक्तिनगर स्थित आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र राजनांदगांव में दिनांक 24 जनवरी दिन बुधवार को निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी से बड़ी कंपनियों के नियोजक आकर इंटरव्यू लेंगे। इसमें लगभग 20 से 25 कंपनियां भाग ले रही है। जिसमें राजनांदगांव से लेकर दिल्ली तक के लिए रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे।

यहां जो कंपनियां आने वाली है वो मारुति सुजुकी, उत्कर्ष सोलर, टेक्नोटास्क बीपीओ, जाना स्माल फाइनेंस बैंक, फिनो बैंक, उज्जीवन बैंक, पे टीएम, इंनोव सोर्स, ओकायो इलेक्ट्रिक बाइक सहित हर क्षेत्र के अनेको कंपनियां शामिल हो रही है। जिसमें 10वीं से लेकर स्नाकोत्तर तक सभी अप्लाई कर सकते है। यहां ऑफिस कार्य से लेकर फील्ड वर्क, टेक्नीशियन इत्यादि रोजगार उपलब्ध होंगे। इस रोजगार मेला में भाग लेकर आप अपनी मनपसंद नौकरी पाने का सुनहरा अवसर प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 23 को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 23 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में रबी लक्ष्य, पेयजल एवं निस्तारी के लिए जल प्रदाय सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिशा की बैठक 24 जनवरी को

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में 24 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# परीक्षा देना है अधिकार, बनाये जाये परीक्षा केंद्र-राजा यादव



राजनांदगांव (दावा)। आज एनएसयूआई प्रदेश सयुंक्त महासचिव राजा यादव के नेतृत्व में दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौपा।

एनएसयूआई प्रदेश सयुंक्त महासचिव राजा यादव ने बताया कि इस वर्ष दुर्ग विश्वविद्यालय ने अनियमित छात्रों के लिए परीक्षा आवेदन किया जा रहा है। लेकिन बहुत से विषयों के लिए राजनांदगांव शहर मे परीक्षा केंद्र नही बनाया गया है। क्योंकि जिस विषय में जो छात्र परीक्षा देना चाहते है। वह विषय शहर के महाविद्यालयों मे नही है। इस कारण वह परीक्षा आवेदन करने से वंचित हो रहे, यहां समस्या पी.जी के छात्रों के लिए ज्यादा है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर ने कहा कि राजनांदगांव शहर से लगभग 150000 छात्र अनियमित कि परीक्षा देते हैं। लेकिन शहर के बड़े महाविद्यालय दिग्विजय महाविद्यालय मे इस वर्ष लगभग 5000 केवल ही छात्र परीक्षा दे सकते हैं लेकिन जो छात्र जो आवेदन नही कर पा रहे है। उनके लिए भी परीक्षा केंद्र बनाया जाना चाहिए। एनएसयूआई जिला महासचिव मिथलेश चंदेल एवं सचिव मेहुल कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों के हित मे ध्यान रखकर राजनांदगांव मे भी अन्य महाविद्यालय मे पी.जी. के लिए परीक्षा केंद्र बनाये जाना चाहिए। अन्यथा एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी जिसकी जवाबदेही विश्वविद्यालय कि होगी। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रदेश सयुंक्त महासचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर, गीतेश साहू, टिकेश देशलहरे, मेहुल कुमार, आयुष सिन्हा, दीपक, रूपेन्द्र साहू, राजू सिंह, शुभम, दिनेश, मनीष, आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय सिल्क एक्सपो में ग्राहकों की उमड़ी भीड़



राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में लगी भारतीय सिल्क एक्सपो में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। हेन्डलूम व हेण्डी क्राफ्ट की एक से बढ़कर एक चीजे व पूरे देश भर के दुकानदारों द्वारा लगाए गए आकर्षक कपड़े से लेकर ज्वेलरी आइटम स्वादिस्ट खान-पान की चीजें-सोफा दीवान व फैंसी आइटम लोगों को लुभा रही है। संस्कारधानी की जनता एक्सपो में मिल रहे आकर्षक हेण्डलूम व हेण्डी क्राफ्ट की चीजे सहित अपनी मनपंसद की अन्य आइटमों की खरीदी का भारतीय सिल्क एक्सपो मिलने वाली छूट व वाजिब दरों की चीजों का लाभ उठाएगी।

संचालक कृष्णा सिंह ने बताया कि आगामी 28 जनवरी तक चलने वाले इस एक्सपो में राजस्थान के जयपुरी बैडशीट, चूनर सूट, स्कर्ट व जयपुरी, चुड़ियां सहित मोजड़ी व सुपारी मुखवास आदि के आकर्षक स्टाल लगे है। वही उत्तरप्रदेश के लखनवी चिकन, सुट, कुर्ता, पाजामा, शर्ट, बनारसी सिल्क साड़िया, ड्रेस मटेरियल, सहारनपुर फर्नीचर, भदोई कारपेट, खुर्जा खादी, ड्रेस मटेरियल, दिल्ली के हैण्डलूम ड्रेस मटेरियल, फैंसी लेडिज टॉप फैंसी लेडिज चप्पल, लेदर बेल्ट, पर्स अदि के आकर्षक रेंज है। वही गुजरात के बेबी ड्रेसिंग, दीवान सेट, गुजराती नमकीन, चनीमा चोली व गुजराती ड्रेस मटेरियल सहित जम्मु काश्मीर के टॉप सूट एम्ब्रोडरी ड्रेसेज कारपेट, दुपट्टा, कश्मीरी शाल आदि लोगों को आकर्षित कर रहे है।

श्री सिंह ने बताया कि एक्सपो में महिलाओं की पसंदीदा हैदराबाद नेचरल पर्लस, हैदराबादी मोती-ज्वेलरी, हैदराबादी साड़ी, ड्रेसमटेरियल सहित हैदराबादी चूंडी, कंगन भी आकर्षित कर रही है। यही नहीं बिहार व मध्यप्रदेश की चन्देरी सिल्क साड़ी, सूट, भागलपुरी सिल्क साड़ी, सूट ड्रेस, मधुबनी पेटिंग, आयुर्वेदिक हेयर आईल, टावेल आदि लोगों को आकर्षित कर रहे है। इसके अलावा पंजाब के फूलकारी सूट, पंजाबी मोजड़ी, तामिलनाडू के विडो कार्टन डोर, कार्टन पिलो कवर, उडीसा के कुरेशिया, बेबीसूट आदि पसंद किए जा रहे है।

# अज्ञात आरोपी ने बाईक में लगाई आग



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत संजय नगर लखोली में किस्त पर ली हुई गाड़ी को अज्ञात आरोपी ने आग के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी प्रार्थी भानुप्रताप पटेल पिता सामसाय पटेल ने शहर के अंशदीप होंडा शोरूम से काले रंग की होंडा शाइन सीजी 08 ए.एस 5168 को किस्तों पर लिया था। जिसकी पूरी किस्त भी पट नहीं पाई थी। कि अज्ञात फायरमैन ने उनके घर के सामने 11 जनवरी की आधी रात को करीब 1:00 बजे आग लगा दी। जिससे उनकी गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई है। प्रार्थी ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है। जिसको पुलिस ने जांच विवेचना में ली है।



# प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर भाजपा का स्वच्छता अभियान जारी

**मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया**

राजनांदगांव (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश के सभी मंदिरों और पूजा स्थलों पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान एवं रघुवीर वाधवा के नेतृत्व में आज जिला भाजपा कार्यालय के निकट श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने झाड़ु लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि आगामी बाइस जनवरी हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा 500 वर्षों की प्रतीक्षा खत्म होने के बाद अयोध्या में श्री राम लला पधारने वाले है स्वागत की तैयारी में पूरे देशवासी जुटे हुए है। स्वच्छता अभियान में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता व रामभक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में वंशज नशीने ने जीता गोल्ड मेडल



राजनांदगांव (दावा)। वाइडनर स्कूल के छात्र व छत्तीसगढ़ राज्य के मिनी बास्केटबॉल टीम के राष्ट्रीय खिलाड़ी वंशज नशीने ने 67वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के तरफ से खेलते हुए वे व उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया खेल विभाग द्वारा आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा उन्हें गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह में उपस्थित सांसद संतोष पांडे जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग शिक्षा अधिकारी खेल अधिकारी उषा चटर्जी व बहुत सी राजनैतिक व शासकीय हस्तियों ने उन्हें व टीम के सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की बधाई दी। वाइडनर स्कूल के प्रमुख फादर टीसी थॉमस ने संस्था की और से स्मृति चिन्ह देकर वंशज नशीने का सम्मान किया। वंशज अपना प्रशिक्षण जाने माने अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच व हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर राजेश्वर राव कालवा व अंतर्राष्ट्रीय कोच राधा राव कालवा से प्राप्त कर रहे है।

# कारसेवक निर्भय श्रीवास के साथ गया सौ लोगों का जत्था



राजनांदगांव (दावा)। तुमडीबोड़ समीपस्थ ग्राम बोदेला निवासी निर्भय राम श्रीवास वरिष्ठ समाजसेवक पूर्व मंडल भाजपा उपाध्यक्ष डोंगरगांव जो कि 1992 में विश्व हिन्दू परिषद के आहवान पर कारसेवक के रूप अयोध्या पहुंचे थे श्री श्रीवास ने बताया कि उस समय देश भर में कर्फ्यू लगने के बावजूद सभी कारसेवकों को फैजाबाद में 5 दिसम्बर रात में हम लोगों को रोक दिया, क्योंकि अयोध्या में कारसेवकों की भीड़ इतनी हो गयी थी कि प्रशासन को सुरक्षा देने में भारी तकलीफ परेशानियां हो गई थी।

जैसे सुबह हुई कि हम लोग रेल से अयोध्या धाम पहुंचे 12 बजे 6 दिसंबर को तो वह विवादित ढांचा कुछ कारसेवकों द्वारा कुछ हिस्सों को तोड़ा जा चुका था बाकी हिस्सा में भी हमारे साथ गये कारसेवक द्वारा भी उस विवादित ढांचा को तोड़ने लग गये। उस विवादित ढांचा को ढहाने के बाद मेरे द्वारा सबुत के तौर पर जिला राजनांदगांव डोंगरगांव में लाया गया।

कारसेवक निर्भय श्रीवास ने आगे बताया कि ढांचा गिराने के बाद कुछ ही समय में पुनः श्री रामलला की मुर्ति रखकर मंदिर निर्माण कार्य चालू किया, जिसमें हम लोगों द्वारा अपने-अपने हाथों से एक दो ईटा लेकर कुछ लोग गारा मिट्टी सीमेंट कुछ समय रहकर कार्य में सहयोग किया उसके बाद भगवान श्री राम जी की और माता सीता रसोई हनुमान जी मंदिर का दर्शन किया उस समय राम भक्तों द्वारा जय श्री राम जय बजरंगबली की जयकारा लगाते रहे हम लोगों ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती, साध्वी रितंभरा, रितु प्रवीण तोगड़िया के ओजस्वी भाषण मंच पर सुने और सभी रामभक्तों को अपने-अपने घर वापस लौट जाने का निवेदन किया। आते समय अयोध्या के कुछ दूर पर कुछ बदमाशों द्वारा रेल का पटरी को उखाड़ दिया गया, जिससे आने जाने में असुविधा हो रहा थी किन्तु हम लोग पैदल चलने शुरू किया तो तुरन्त ही प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ फैजाबाद तक लाया गया।

आगे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर चलाना शुरू कर दिया, जिसमें मैं बाल-बाल बचा। कारसेवक निर्भय श्रीवास ने आगे बताया कि मेरे साथ विभिन्न गांवों से 100 लोगों की संख्या में अयोध्या गये टीकम वर्मा एवं आरू नेवला सांगिन कछार रामनाथ वर्मा हरदी टेका, गोपाल साहू, लेखराम खपरीकला, लखन वर्मा कोहका, भोलाराम साहू मरेठा नवागांव, भीखम वर्मा, मंगोली यादव, मनोज मोहभट्ठा, नोहर साहू, हिरदेश साहू घोरदा, बरसन अर्जुनी, सुकदेव साहू, बालक दास साहू भटगुणा, तिलक साहू बम्हनीभांठा, भीखम साहू कोकपुर, उद्धो यादव, पारख दास साहू सिवनी खुर्द, दसरथ साहू, बल्दु साहू, विजय वर्मा, घसिया यादव बोदेला समेत विभिन्न गांवों से राम भक्त कारसेवक के रूप गये।

श्री श्रीवास ने आगे बताया कि समय बहुत कठिन था किन्तु ढांचा गिरने से हम लोगों का सारा दुःख तकलीफ दूर हो गया कि 500 साल पुरानी विवादित ढांचा बाबर द्वारा बनाए गए ढांचा आज राम जी के कृपा से ढह गया वापस लौट आने पर डोंगरगांव के ओसवाल भवन में विश्व हिन्दू परिषद के माध्यम से पंडित शिवकुमार कुमार शास्त्री राजनांदगांव के द्वारा सम्मानित किया गया।

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.202401093700024
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश शर्मा आ. रामजी शर्मा, निवासी-दुर्गा चौक, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला किलापारा स्थित शीट क्रमांक 37 सी, भूखण्ड क्रमांक-137/1, क्षेत्रफल 65.19 वर्गमीटर धारकगण दिनेश, दीपक आ. स्व. लक्ष्मीनारायण, कुसुम ध.प. स्व. लक्ष्मीनारायण, सुमति, प्रिति दोनों आ. स्व. हरिनारायण, निवासी-किलापारा हॉल मु. भिलाई राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 05.02.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी,**
**नजूल जांच राजनांदगांव**

**NAME CHANGE**

MY NAME IS WRITTEN IN MY PASSPORT AS SAJU BABYKUTTY MELAVILA MELAVILA. BY CHANGING I HAVE REGISTERED SAJU BABYKUTTY MELAVILA AS PER MY AADHAAR AND PAN CARD. FROM NOW ONWARDS I SHOULD BE KNOWN AND RECOGNIZED AS SAJU BABYKUTTY MELAVILA AND SHOULD BE RECORDED IN ALL OFFICIAL AND NON-OFFICIAL DOCUMENTS.

**SAJU BABYKUTTY**
MELAVILA HOUSE NO.11,
MAHENDRA NAGAR
LALBAGH
RAJNANDGAON (CG)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-7
280-0 690-5
राजधानी
4-6-0
570-2 678-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
19th Jan to 25th Jan 2024




Main Atal Hoon - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
6 9 5 - 12:00, 06:00 and 09:15 pm
Tahi Banbe Mor Dulhaniya (Chhattisgarhi) - 12:15, 03:15 and 06:15 pm
Hanu-man - 03:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

**राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुये वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति को देखते हुये, वसूली बढ़ाने एवं बड़े बकायादारों से करों की वसूली कड़ाई से करने के निर्देश दिये।**



आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्डवार वसूली एवं डिमाण्ड की जानकारी लेकर वर्तमान डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों से नये करदाताओं की संख्या, डिमाण्ड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्तिकरदाता के संबंध में जानकारी लेकर मांग पंजी से मिलान कर वसूली के लिये निर्देशित किये। उन्होंने राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है इसके बावजूद शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं है, वसूली के संबंध में गत दिवस मंत्री जी की समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही होने पर नाराजगी व्यक्त कर कहा कि कड़ाई से वसूली करें, वसूली करने वाले कर्मचारियों को सक्त हिदायत देवें।

**वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखकर शत-प्रतिशत वसूली के दिये कड़े निर्देश**

उन्होंने कहा कि कुछ वार्ड प्रभारियों के द्वारा वसूली ठीक से नहीं की जा रही है, वे कर्मचारी नियमित रूप से डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करें, साथ ही वसूली में तेजी लाने गठित टीम संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों के साथ उनके वार्ड में जाकर वसूली करें तथा बड़े बकायादारों जिन्हें नोटिस दिया गया है, उनसे कड़ाई से वसूली करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों के वसूली की प्रतिदिन जानकारी लेवे एवं स्वयं वार्डों में जाकर वसूली करें।

आयुक्त श्री गुप्ता दुकान किराये की वसूली के संबंध में उपायुक्त मोबिन अली से जानकारी ली। उपायुक्त श्री अली ने क्षेत्र अनुसार दुकानों तथा व्यवसायिक परिसरों की वसूली एवं अनुबंध के संबंध में जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया, अटल आवास योजना के किराये की वसूली नियमित रूप से करें तथा जिन दुकानों के आबंटन उपरांत अनुबंध नही हुआ है, उसका अनुबंध करायें एवं अनुबंध उपरांत किराया वसूली करना सुनिश्चित करें, साथ ही लंबे समय से बकाया दुकानदारों से सम्पर्क कर टीम के साथ किराया वसूली करें। जिन दुकानों की नीलामी नहीं हुई है, उनकी नीलामी करावे। बैठक में राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा विविध आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या पुरी में मर्यादा भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में 22 जनवरी सोमवार को संपूर्ण भारत ही नहीं वरन विश्व भर में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन उत्सव मना कर अपनी खुशी का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में नगर के हृदय स्थल कामठी लाइन में विराजित भगवान सत्यनारायण मंदिर में श्री बालाजी का अभिषेक, पूजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति जो हिंदू संस्कृति के विभिन्न त्यौहारों को सार्वजनिक रूप से मनाए जाने की परंपरा का निर्वहन करते आ रही है, के द्वारा विविध आयोजन आम जनों के लिए आयोजित किया जा रहे हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया आयोजन समिति से जुड़े श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, सचिव सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 22 जनवरी को सुबह 8:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग एवं गुड़ाखू लाइन में समिति द्वारा रामधुन भक्ति भजन के दिनभर प्रसारण के लिए लाउडस्पीकर के 35 पोंगे लगाए जा रहे है। जिसके माध्यम से श्री राम जी के नवीनतम भजनों का प्रसारण किया जाएगा। सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक बड़ी स्क्रीन (10-12) की एल.ई.डी. से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण दिल्ली दरवाजे के सामने किया जाएगा। सुबह 11 बजे से श्री राम खिचड़ी का वितरण श्री सत्यनारायण धर्मशाला के सामने किया जाएगा। शाम 06 बजे भव्य दीपोत्सव दिल्ली दरवाजा के सामने किया जाएगा। समिति के नाथा भाई रायचा, रामावतार जोशी, लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि मंदिर समिति द्वारा कामठी लाइन के सड़क में क्रासिंग करके कपड़े की केसरिया झंडी लगाई जा रही है। आयोजन को भव्यता प्रदान करने समिति के अनेक सदस्य जुटे हुए हैं। समिति ने आम जनता से सभी आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

**0 दिल्ली दरवाजे के सामने बड़ी स्क्रीन से होगा सीधा प्रसारण**
**0 प्रमुख तीन मोहल्ले में 35 पोंगे से बजेगी रामधुन**
**0 श्री सत्यनारायण मंदिर में बालाजी का अभिषेक पूजन होगा**

# आयुक्त ने शहर में सफाई व्यवस्था सहित हॉकी स्टेडियम व दिग्विजय स्टेडियम का किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ शहर में सफाई व्यवस्था देख मंदिरों के आस पास समुचित साफ सफाई के अलावा हॉकी स्टेडियम व दिग्विजय स्टेडियम का निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्था के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता सर्वप्रथम राजीव नगर एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा एकत्रिकरण की जानकारी लेकर गीला व सुखा कचरा पृथकीकरण व विनिष्टीकरण की जानकारी लेकर सत्प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में चल रहे धार्मिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुये शहर में साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कर दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिये। पुराना बस स्टैण्ड के पास काली माई मंदिर के आसपास साफ-सफाई करने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि शहर के मंदिरों के आस पास व परिसर की नियमित रूप से सफाई करे, नागरिकों की सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलावे।आयुक्त श्री गुप्ता ने राजीव नगर रोड चौडिकरण में आ रही अडचन के लिये लोगों को समझाईस देकर सहमति लेकर रोड निर्माण करें। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम निरीक्षण के दौरान आगामी हॉकी प्रतियोगिता को देखते हुये समुचित साफ सफाई के अलावा बिजली, पानी की व्यवस्था करने तकनीकि अधिकारी को निर्देशित किये। साथ ही स्वीमिंग पुल में आवश्यक मरम्मत व टूटे हुये लाकर की मरम्मत कर सुचारू संचालन के ऐजेन्सी को निर्देश दिये। दिग्विजय स्टेडियम में निरीक्षण के दौरान 22 जनवरी को धार्मिक आयोजन दीप प्रज्जवलन के पूर्व स्टेडियम एवं परिसर की अच्छे से साफ सफाई कर दवा का छिडकाव कर चूना डालने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। इसके अलावा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिये बैठक, पंडाल तथा साफ सफाई, पेयजल व अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये। निरीक्षण में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उपअभियंता अनिमेश चंद्राकर व अनूप पाण्डे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षण दीपक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

**शहर के मंदिर परिसर की साफ सफाई के दिये निर्देश**

### बुद्ध विहार में योग एवं ध्यान साधना शिविर का लोग लाभ प्राप्त कर रहे

राजनांदगांव (दावा)। करुणा बुध्द विहार शांतिनगर में सात दिवसीय योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बडी संख्या में बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग भी योग एवं ध्यान साधना का अभ्यास कर रहे हैं, जिससे उपस्थित लोगों को उन्हें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त हो रहा है। योग एवं ध्यान साधना शिविर में मुख्य ट्रेनर के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्टेट चैंपियन पूजा चोखान्द्रे के द्वारा सुबह 6 से 7 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिविर का आयोजन बौध्द सेवा समिति एवं रमाआई महिला मंडल करुणा बुद्ध विहार के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप कोल्हाटकर, संजय हुमने, नंदेश्वर सहित समिति के अन्य सदस्य एवं बाल धम्मसभा के बच्चे अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

# श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समिति राम रथयात्रा का हुआ समापन



राजनांदगांव (दावा)। अत्यंत उत्साह पूर्ण वातावरण राम रथ यात्रा का शुभारंभ टेडेसरा से हुआ था, लगातार यात्रा 154 किलोमीटर चलती रही रथ के साथ जो रामदूत चल रहे थे वह बिना रुके बिना थके घुमका में हुए इस यात्रा की समापन तक उत्साह पूर्ण वातावरण में लगे रहे और राम जी की कृपा से उनके उल्लास और उमंग में कोई भी कमी आखिरी पड़ाव तक नजर नहीं आ रही थी। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली है उसका उल्लास प्रत्येक लोगों के चेहरे की खुशी को देखने से समझ में आ रहा था। श्री राम रथ यात्रा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के विशेष अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी तारतम्य में राम रथ यात्रा का आयोजन किया गया है, श्री राम रथ यात्रा प्रथम दिवस के आयोजन को सफल करते हुए द्वितीय दिवस डोंगरगांव मोहड़ खुर्सीटीकुल अछोली आमगांव कुमर्दा सागर मुंजाल सड़क चिरचारी, हर्राटोला, जोशीलमती, गेंदाटोला, सिताकसा, सालेटोला, कलटोला, दीवानटोला, छुरिया, लालूटोला, बाबूटोला, चिचोला, लाल बहादुर नगर, मक्काटोला, रामाटोला, बिछीटोला, भोतली, कल्याणपुर, गजमर्रा, डोंगरगढ़ में समापन हुआ। रथयात्रा अपने निर्धारित समय पर नियत स्थान पर नहीं पहुंच पा रही है इसका प्रमुख कारण रास्ते में पढ़ने वाले गांव के श्रद्धालु जन हर कोई अपने राम का आगमन होते देख स्वागत सत्कार करना चाहता है, कोई शबरी की तरह मीठे बेर खिलाना चाहता है कोई निषाद राज की तरह श्री राम को पार कराना चाहता है। ऐसे ही अनेक श्रद्धालु जन यात्रा के रास्ते में मौजूद रहे और अपने रामलला के आने का घटों इंतजार करते रहे राम रथ यात्रा के पहुंचते ही माता बहनों ने आरती की थाल सजाकर रथ यात्रा का स्वागत सत्कार किया। पुरुष वर्ग ने भी अपनी सहभागिता निभाई, ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो श्री राम चलकर प्रत्येक गांव पहुंच रहे हैं और अपना आशीर्वाद प्रत्येक सनातनी हिंदुओं के ऊपर बरसाने को आतुर है। जहां भगवान राम का जन्म हुआ था, वहां राम मंदिर की मौजूदगी देश में रहने वाले सभी लोगों के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। एक मंदिर के लिए नहीं बल्कि सभी के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान था। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से यात्रा के संयोजक मूलचंद लोधी सहसंयोजक रवि सिन्हा लगातार यात्रा में चल रहे हैं। आज अंतिम दिवस डोगरगढ़ से यात्रा निकलकर अछोली कलकसा, देवकट्टा, ढारा, छपारा, सिवनी, पचपेड़ी, मेहरूमकला, भटगांव, खैरा से होते हुए घुमका में इस यात्रा का समापन हुआ समापन कार्यक्रम में यात्रा संयोजक मूलचंद लोधी सहसंयोजक रवि सिन्हा, ग्राम घुमका की सरपंच फूलमती वर्मा जनपद सदस्य वहां के स्थानीय मंडल अध्यक्ष ने संबोधित किया। कार्यक्रम में राजनांदगांव से रघुवीर सिंह वाधवा विशेष रूप से उपस्थित थे एवं हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मॉडल का प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पेंदाकोड़ो, मोहला, सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ एवं डॉ.बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर, राजनांदगांव में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कलेक्टर संजय अग्रवाल, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के कलेक्टर एस.जयवर्धने, खैरागढ़ छुईखदान गंडई के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार, राजनांदगांव के जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, खैरागढ़ छुईखदान गंड़ई के जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर.कोसरिया एवं जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रारम्भिक तथा माध्यमिक स्तर के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार 'राष्ट्रीय आविष्कार अभियान' कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इसी क्रम में यह प्रदर्शनी/मेला जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का आयोजन 13 जनवरी को कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो, मोहला में, जिला खैरागढ़ छुईखदान गंड़ई का आयोजन 15 जनवरी को सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ में एवं दिनांक 17 जनवरी को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित हुई।

**0 बच्चों ने प्रस्तुत किया विज्ञान मॉडल**
**0 जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ संपन्न**

आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान और गणित विषयों पर आधारित भूकंप रोधीअलार्म, टावर ब्रिज, इलेक्ट्रॉनिक, जनरेटर स्पेस स्टेशन प्रदूषण नियंत्रण रेन वाटर हार्वेस्टिंग सोलर सिस्टम से प्रोजेक्ट का निर्माण कर उनका प्रदर्शन और प्रस्तुति की, जिसमें मोहला, मानपुर, एवं अं.चौकी विकासखंड के कुल 41 प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 242 बच्चे, खैरागढ़ छुईखदान विकासखंड के कुल प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 180 बच्चे एवं छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विकासखंड के प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 278 बच्चों ने भाग लिया। आयोजन में मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई के जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर.कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एम.आर. अंसारी, पी.आर. झाड़े एपीसी ने विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेला का अनुश्रवण और अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान, मोहला के बीआरसी खोमलाल वर्मा मानपुर के बीआरसी सुश्री जाहिदा खान खैरागढ़ के बीइओ नम्रता राजपूत, बीआरसी सुजीत चौहान, छुईखदान के बीआरसी सतीश श्रीवास्तव, राजनांदगांव के बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, सीएसी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महापौर परिषद की बैठक में बजट तैयार करने सहित विकास कार्य दी गयी मंजूरी



राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक आज पूर्वान्ह में निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के संबंध में चर्चा करने के अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरण, दुकानों की लीज अवधि व किराया में वृद्धि के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की गयी।

महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये बजट के संबंध में प्रारंभिक चर्चा करते हुये सभी विभाग से जानकारी मंगाकर बजट तैयार करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को पेंशन देने प्रकरणों की अनुशंसा की गयी। साथ ही निगम स्वामित्व के प्रतिक्षा बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर स्थित भूतल की दो दुकान एवं प्रथम तल के दो रेस्टोरेंट की उच्चतम बोली की अनुशंसा की गयी तथा निगम स्वामित्व की टाका पारा स्कूल, जय स्तम्भ चौक, टाका घर के सामने स्टेशन रोड, टाउन हाल पूर्वी एवं दक्षिण, सदर नाका स्टेशन रोड सहित अन्य दुकानों की लीज अवधि एवं किराये में वृद्धि किये जाने की स्वीकृति के अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सम्पत्तिकर में नियमानुसार छुट की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा नजूल भूमि मांग के संबंध में अनापत्ति तथा निर्माण कार्यो की मंजूरी दी गयी।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, विनय झा, भागचंद साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, लेखापाल शैलेष पाण्डे व पंकज साहू, प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# गोवा से आए पत्रकारों के दल ने भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं के कार्यों का किया अवलोकन

**गोवा राज्य से आए पत्रकार दल ने राजनांदगांव जिले के अंजोरा में किए गए वृक्षारोपण, निर्माणाधीन मिनी परकोलेशन टैंक, राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा चंदन निर्माण एवं हर्बल रंग-गुलाल पैकेजिंग, ग्राम अंजोरा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र, आरोहण बीपीओ सेंटर एवं अमृत सरोवर देखा**



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अवलोकन आज गोवा राज्य से आए पत्रकारों के दल द्वारा किया गया। गौरतलब है कि गोवा राज्य के पत्रकारों का दल छत्तीसगढ़ राज्य भ्रमण पर है। इसी कड़ी में आज भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का पत्रकार दल द्वारा देखा गया। गोवा राज्य से आए पत्रकारों के दल ने राजनांदगांव जिले के अंजोरा में किए गए वृक्षारोपण, निर्माणाधीन मिनी परकोलेशन टैंक, राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा चंदन निर्माण एवं रंग-गुलाल पैकेजिंग, ग्राम अंजोरा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र, ग्राम आरला में अमृत सरोवर, ग्राम टेड़ेसरा में आरोहण बीपीओ सेंटर को देखा गया। पत्रकार दल ग्राम अंजोरा में ग्रामवासियों से रूबरू हुए और महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत चल रहे मिनी परकोलेशन टैंक कार्य तथा 10 एकड़ भूमि पर किए गए वृक्षारोपण की बहुत सराहना की। उन्होंने वृक्षारोपण क्षेत्र में किए जा रहे सिंचाई साधनों को देखा और पौधों की देख-रेख करने वाले परिवार से बातचीत की। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम अंजोरा में 1680 पौधे जीवित हैं। जिसे गांव के 4 परिवार द्वारा देख-भाल किया जा रहा है। यहां एक-एक परिवार 400-400 पौधों की देखरेख कर रहे हैं। वृक्षारोपण अंतर्गत आम, कटहल, अमरूद, काजू, नारियल जैसे फलदार पौधे लगाए गए हैं। यह कार्य मनरेगा अंतर्गत किया गया है। एक परकोलेशन टैंक पहले से बना हुआ है। जिससे पौधों में सिंचाई की जा रही है। मिनी परकोलेशन का कार्य मनरेगा अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें 100 दिन का रोजगार ग्रामीणों को मिल रहा है। ग्राम अंजोरा में खास बात यह है कि यहां मनरेगा अंतर्गत श्रमिक महिलाएं काम कर रही हैंपत्रकार दलों ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका अंतर्गत बनाए जा रहे चंदन निर्माण एवं हर्बल गुलाल की पैकेजिंग के कार्य को देखा और सराहना की। समूह की महिलाओं ने बताया कि गणेशा गुलाल कंपनी से अनुबंध किया गया है और समूह की महिलाओं ने ऋण लेकर कार्य प्रारंभ किया है। जय बाबा कुटी स्वसहायता समूह द्वारा कार्य किया जा रहा है। श्री गणेशा हर्बल गुलाल कंपनी द्वारा कच्चा माल प्रदाय और मार्केटिंग किया जा रहा है। समूह द्वारा मशीन क्रय कर उत्पादन कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाओं को माह में लगभग 5 हजार रूपए से अधिक की आमदनी हो रही है। पत्रकारों के दल ने वहां के पैकेजिंग, चंदन निर्माण की प्रशंसा की। पत्रकार दलों ने टेड़ेसरा स्थित आरोहण बीपीओ सेंटर का अवलोकन किया और वहां बीपीओ सेंटर में 1200 से अधिक युवाओं को कार्य करते हुए देखा। शासन द्वारा अधोसंरचना उपलब्ध कराई गई है। यहां टेक्नोटास्क कंपनी द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण देकर व्यापक स्तर पर रोजगार प्रदान किया गया है। राजनांदगांव जिले के साथ दुर्ग, भिलाई, सहित राज्य के 16 जिलों के युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैंजिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने पत्रकार दलों से भेंट की। इस दौरान पत्रकार दलों ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत किए गए मिनी परकोलेशन टैंक एवं वृक्षारोपण कार्य तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मनरेगा के तहत गांव की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चंदन निर्माण एवं हर्बल गुलाल पैकेजिंग कार्य की तारीफ की। अपने घर के निकट ही समूह की महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने भारत सरकार द्वारा किए जा रहे फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा सक्रियतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। केन्द्र शासन की योजनाओं से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनसामान्य को लाभान्वित किया जा रहा है। वंचित एवं जरूरतमंद लोगों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वाईल हेल्थ कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी विकासखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों तक मोबाईल वैन पहुंच रही है। इस दौरान प्रेस सूचना कार्यालय से आए अधिकारी परमानंद साहू, पत्रकार दल में शामिल यशवंत पाटिल, विजय मलिक, रोहित वाडकर एवं नीरज बंदेकर, जनपद सीईओ सुश्री तनुजा मांझी, ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा, मनरेगा से फैज मैनन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रतिनिधि पीनाकी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**पत्रकार दलों ने विकास कार्यों की प्रशंसा की**

### आज गिधवा में से कबीर सत्संग प्रवचन

हरदी (दावा)। ग्राम गिधवा(जेवरतला) में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से आज 19 जनवरी से तीन दिवसीय कबीर सत्संग प्रवचन का आयोजन रखा गया है। प्रवचनकर्ता संत सम्राट रामू साहेब मिरमिटी कबीरधाम होंगे। कार्यक्रम का समय सुबह 10.30 से 1 बजे व दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए नागेश साहू, जगत साहू व ओमप्रकाश साहू ने जनमानस को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/19/एनजीपी/2023-24 **कार्य का नाम:** एडीईएन, ट्रैक्स, नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एचपी / रेल / स्लीपर प्रकार के छोटे पुलों को आरसीसी बॉक्स प्रकार के पुलों से बदलना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,52,53,122/- **बयाना राशि:** ₹ 2,76,300/-

**2. निविदा क्र.:** सी/20/एनजीपी/2023-24 **कार्य का नाम:** एडीईएन, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नागपुर-दुर्ग लाइन पर रेल / स्लीपर ओपनिंग प्रकार के क्रॉस्ड ड्रेन को आरसीसी बॉक्स प्रकार के पुलों से बदलना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,53,80,222/- **बयाना राशि:** ₹ 2,76,900/-

**3. निविदा क्र.:** ई/23/एनजीपी/2023-24 **कार्य का नाम:** सहा. मंडल अभियंता, डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TTR (TWS+ WCMSC+FC)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 66,82,171/- **बयाना राशि:** ₹ 1,33,700/-

**4. निविदा क्र.:** ई/24/एनजीपी/2023-24 **कार्य का नाम:** एडीईएन, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत TTR (TWS + WCMSC+FC)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 56,43,635/- **बयाना राशि:** ₹ 1,12,900/-

**5. निविदा क्र.:** ई/25/एनजीपी/2023-24 **कार्य का नाम:** एडीईएन, गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डीकेएस-एसकेएस सेक्शन के बीच कि.मी. 952/42 से 953/20 तक के बीच कटान में चट्टान गिरने से बचाने स्टील वायर ग्रिड / जाल उपलब्ध कराना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,58,50,068/- **बयाना राशि:** ₹ 4,29,300/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दि. **09.02.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं। अन्य विवरण हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

FL/30-216

वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> जो अपने आप को जीत लेता है, वह दुनिया को जीत लेता है।

## सम्पादकीय

# भाजपा में जेपी नड्डा का कद बढ़ा : संगठन में निर्णय लेने की छुट

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जब अपने अध्यक्षीय पद पर विराजमान हुवे थे, तब चारों ओर चुनौतिया मुंहबाएं खड़ी थी। इसके बावजुद वे एक लम्बी पारी खेलते हुवे मैदान में डटे हैं। पिछले चंद वर्षो में भाजपा के संगठन में माइल स्टोन परिवर्तन हुवे हैं। अब नड्डा भी भाजपा हाईकमान्ड का एक हिस्सा बन गए हैं। पहले दोमुखी हाईकमांड था अब हाईकमान्ड त्रिमूर्ति बन गए हैं। पार्टी भीतर ही अब अनेक पदाधिकारीगण उन्हें भावि राष्ट्रपति के रूप में देख रहे हैं। बिहार में जन्में जे.पी.नड्डा ने पटना युनिवर्सिटी से ग्रेजुएट किया है। उन्होंने अपनी राजनैतिक यात्रा की शुरूवात 1975 के आंदोलन से शुरू की थी।

इमरजेंसी के विरूद्ध चला उस समय का सभी विपक्षी दलों के गठबंधन द्वारा किए गए आंदोलन ने तत्कालिन इंदिरा गांधी सरकार को हिलाकर रख दिया था। उस आंदोलन का नेतृत्व जय प्रकाश नारायण ने किया था जो अभूतपूर्व था और उन्होंने लोकनायक के रूप में प्रसिद्धि पाई थी। इंदिरा गांधी की सरकार तत्पश्चात सत्ताच्युत हो गई थी। उस समय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री लालूप्रसाद यादव, शरद यादव, अरूण जेटली, मुलायम सिंह यादव, रविशंकर प्रसाद, रामविलास पासवान, सुशील मोदी आदि ये सभी नेता वास्तव में लोकनायक जय प्रकाश नारायण की ही देन है। इन सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने कांग्रेस सरकार के विरूद्ध आंदोलन चलाया था।

भाजपा की उम्मीद है कि वर्तमान में भाजपा जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में तीसरी मर्तबे केन्द्र में आरूढ़, होगी। इसी कारण, नड्डा को संगठन में कार्य करने की पूरी स्वतंत्रता मिली है। इतनी स्वतंत्रता की केन्द्रीय मंत्रियों और भाजपाई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी नहीं मिली है। वर्तमान में नड्डा देश के प्रत्येक राज्यों में पार्टी के संगठन प्रमुखों के साथ राज्यवार सभाएं आयोजित कर रहे हैं। भाजपा में यह संभव हुआ है कि सामान्य कार्यकर्ता भी ऊंचे पद पर आसीन हो सकता है और पहली मर्तबे विधायक बनने वाला भी मुख्यमंत्री और मंत्री बन सकता है। स्वाभाविक रूप से ऐसे भाग्यशाली सभी हाईकमांड के आज्ञाकारी होते हैं। भाजपा की कार्यशैली दूसरी पंक्ति के नेताओं को आगे लाने की है।

निःसंदेह जे.पी.नड्डा के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव चुनौतीपूर्ण है। इसके पहले भाजपा की लगाम वर्षो तक केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथ में थी। जिनकी पहिचान ''चाणक्य'' के रूप में है। भाजपा के सभी निर्णय अमित शाह ही लेते थे। नरेन्द्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने फिर जुलाई 2014 में अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। उसके बाद दो कार्यकाल तक वे ही भाजपा में अध्यक्ष बने रहे। अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ने देश के आर्थिक बाबत के सिवाय अन्य क्षेत्र में भी अनेक सफलता हासिल की थी। देश के कोने-कोने में आज जो भाजपा का परचम लहरा रहा है उसमें अमित शाह का बड़ा योगदान है। अनेक राज्यों में भगवा लहरा रहा है। 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत और उत्तरप्रदेश में भाजपा का साम्राज्य है, उसका श्रेय अमित शाह को जाता है। जिन राज्यों में भाजपा अपराजित रही वहां हाईकमान ने ''आपरेशन लोटस'' चलाकर सत्तारूढ़ पार्टी को अपदस्थ कर अपनी सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की है। वर्तमान में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, वह जेपी नड्डा के नेतृत्व में ही बनी है। अमित शाह का भी इसमें योगदान है। कूटनीतिक चाल चलने में भी जे.पी.नड्डा पारंगत हैं। महाराष्ट्र में एन.सी.पी. और शिवसेना को तोड़ने में नड्डा की ही कूटनीति रही है। वैसे, विपक्षी गठबंधन नड्डा के लिए अब बहुत बड़ी चुनौती है। एक मर्तबे इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो जाता है, उसी के बाद भाजपा के समक्ष असली चित्र आयेगा।

# भारत ने पाकिस्तान में ईरान के मिसाइल हमले का समर्थन क्यों किया



ईरान ने स्वीकार किया है कि उसने मंगलवार को पश्चिमी पाकिस्तान में मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था. पाकिस्तान ने कहा है कि ईरान के इन हमलों में बलूचिस्तान में दो बच्चों की मौत हुई है और तीन ज़ख़्मी हुए हैं.अब पाकिस्तान ने भी ईरान में कथित आतंकवादी संगठनों के ठिकाने पर हमले की बात कही है. पाकिस्तान के दावे पर अभी ईरान की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. वहीं पाकिस्तान में हमले पर ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि उसका निशाना जैश अल-अद्ल चरमपंथी समूह का ठिकाना था. ईरान के इस हमले से पाकिस्तान ख़फ़ा है और उसने तेहरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया. ईरानी राजदूत को भी पाकिस्तान ने वापस इस्लामाबाद लौटने पर प्रतिबंध लगा दिया है. इस हफ़्ते की शुरुआत में ईरान ने इराक़ और सीरिया पर हमले के बाद बलूचिस्तान में मिसाइल से हमला किया था.

पाकिस्तान ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि हमला अवैध था और इसके गंभीर नतीजे हो सकते हैं. पाकिस्तान ने कहा था कि उसके पास भी पलटवार करने का हक़ है. हालांकि ईरानी विदेश मंत्री आमिर-अब्दोल्लाहिआन ने दावोस में कहा कि किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया है, केवल जैश अल-अद्ल के ठिकाने पर हमला किया गया है. उन्होंने कहा, हमने पाकिस्तानी ज़मीन पर केवल ईरानी आतंकवादियों को निशाना बनाया है. हमने पाकिस्तानी विदेश मंत्री को आश्वस्त किया है कि ईरान पाकिस्तान की एकता और संप्रभुता का सम्मान करता है. ग़ज़ा में इसराइल और फ़लस्तीनियों के बीच जारी जंग से पूरे मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने यह हमला किया है. पाकिस्तान में ईरान के इस हमले पर दुनिया भर से प्रतिक्रिया आ रही है. पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त चीन ने इस मामले में मध्यस्थता करने की कोशिश की है लेकिन वहाँ के स्थानीय मीडिया का कहना है कि इसमें कोई कामयाबी नहीं मिली. वहीं अमेरिका ने ईरान के हमले की निंदा की है. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान, सीरिया और इराक़ में ईरान के हमले चिंताजनक हैं.

मैथ्यू मिलर से एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस में पूछा गया कि ईरान ने इन हमलों को आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई बताया है. इस पर उन्होंने कहा, च्च्हम इन हमलों की निंदा करते हैं. हमने देखा कि ईरान ने पिछले कुछ दिनों में अपने तीन पड़ोसी देशों की सीमाओं का उल्लंघन किया. एक ओर तो ईरान इस क्षेत्र में आतंकवाद और अस्थिरता की फ़ंडिंग करने वाला मुख्य देश है, वहीं दूसरी ओर वह कहता है कि उसे आतंकवाद से निपटने के लिए ये क़दम उठाने पड़े. पूरे मामले पर भारत की प्रतिक्रिया को काफ़ी अहम माना जा रहा है. भारत ने पाकिस्तान के भीतर कथित आतंकवादी कैंप पर हमले का समर्थन किया है. भारत ने इसे आत्मरक्षा में उठाया गया क़दम बताया है. बलूचिस्तान में ईरान के मिसाइल हमले के एक दिन बाद 17 जनवरी को भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह मामला ईरान और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय है लेकिन आतंकवाद पर भारत का रुख़ भी किसी तरह से समझौता करने वाला नहीं है. सबसे अहम है कि भारत के विदेश मंत्रालय ने इराक़ के कुर्दिश इलाक़े में और सीरिया में ईरानी हमले पर कुछ नहीं कहा जबकि ये तीनों हमले एक ही दिन हुए हैं. भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को कहा, यह ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला है. लेकिन आतंकवाद पर भारत का रुख़ किसी भी तरह से समझौता करने वाला नहीं है. हमें पता है कि आत्मरक्षा में देश इस तरह के क़दम उठाते हैं ईरान ने पाकिस्तान में हमला 16 जनवरी को किया और एक दिन पहले ही भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ईरान पहुँचे थे.

एस जयशंकर की मुलाक़ात ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और ईरानी विदेश मंत्री से हुई थी.19 और 20 जनवरी को यूगांडा में आयोजित होने वाले गुटनिरपेक्ष देशों के समिट में भी जयशंकर की मुलाक़ात ईरानी विदेश मंत्री से होगी. अंग्रेज़ी अख़बार द हिन्दू के मुताबिक़ ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्यॉरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी भी जल्द ही भारत आने वाले हैं और उनकी मुलाक़ात भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से होगी. इससे संकेत मिल रहे हैं कि ईरान और भारत के बीच डिप्लोमैटिक मुलाक़ातें बढ़ रही हैं. जब पश्चिम एशिया में इसराइल का ग़ज़ा में युद्ध, यमन में हूती विद्रोहियों पर हमला और हूती विद्रोहियों के लाल सागर हमले से ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है, ऐसे में भारत ने ईरान का समर्थन किया है. भारत में पाकिस्तान के राजदूत रहे अब्दुल बासित ने पूरे मामले पर ट्वीट कर कहा है,

मुस्लिम वर्ल्ड में विभाजन के लिए ईरान एक बड़ा कारण है. पाकिस्तान को अलग-थलग करके उसे कुछ भी हासिल नहीं होगा. अब्दुल बासित ने पाकिस्तानी न्यूज़ चैनल एबीएन से बातचीत में कहा, हमें ये देखना होगा कि यह हमला ख़ुद रिवॉल्युशनरी गार्ड ने किया या ईरान की हुकूमत का फ़ैसला था. ईरान को यह बताना होगा कि किस स्तर पर फ़ैसला हुआ है. ग़लती हुई है या जानबूझकर हमला किया गया है. हमें एहतियात रखना चाहिए. थिंक टैंक रैंड कॉर्पोरेशन के सीनियर फेलो डेरेक ग्रॉसमैन ने भारत की प्रतिक्रिया को रीट्वीट करते हुए लिखा है, भारत को अपने बयान में आख़िरी लाइन जोड़ने की ज़रूरत नहीं थी, जिसमें कहा गया है कि आत्मरक्षा में इस तरह का क़दम देश उठाते हैं.

लेकिन भारत ने यह बात कही है. बेशक भारत का निशाना पाकिस्तान है और उसने आतंकवाद को पनाह देने की आलोचना के लिए यह लाइन जोड़ी है. भारत ने भी एलओसी पार कर पाकिस्तान के नियंत्रण वाले कश्मीर में कथित आतंकवादी कैंपों को ध्वस्त करने का दावा किया था. भारत ने 2019 में बालाकोट में एयरस्ट्राइक किया था. पाकिस्तान ने भी लाइन ऑफ कंट्रोल पार करने की बात मानी थी लेकिन आतंकवादी कैंप नष्ट करने की बात को स्वीकार नहीं किया था.

कहा जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान में ईरान के मिसाइल हमले का समर्थन कर बालाकोट एयरस्ट्राइक को सही ठहराने की कोशिश की है. 2019 में इस बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था. दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्ते ख़त्म हो गए थे. ईरान के साथ भारत के मित्र मुल्क इसराइल और पश्चिम को भले दिक़्क़त है लेकिन भारत और ईरान के बीच कोई मसला नहीं है. भारत के पारंपरिक दोस्त रूस के साथ भी ईरान के गहरे संबंध हैं. ईरान शिया मुस्लिम बहुल देश है और भारत में भी ईरान के बाद सबसे ज़्यादा शिया मुस्लिम रहते हैं. आर्मीनिया और अज़रबैजान के टकराव में भी ईरान और भारत आर्मीनिया के साथ हैं.

नई दिल्ली जी-20 समिट में जब इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) की घोषणा हुई तो ऐसा माना गया कि भारत ईरान से दूर जा रहा है. लेकिन ग़ज़ा में जंग इसराइल और हमास के बीच जंग छिड़ने के बाद आईएमईसी के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगा. इस परियोजना में इसराइल भी है और ग़ज़ा में जारी युद्ध से खाड़ी के इस्लामिक देश ख़फ़ा हैं. ऐसे में भारत के लिए ईरान में चाबहार पोर्ट फिर से अहम हो गया है. आईएमईसी की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इसराइल की स्वीकार्यता खाड़ी के इस्लामिक देशों में कितनी बढ़ती है.1991 में शीत युद्ध ख़त्म होने के बाद सोवियत संघ का पतन हुआ तो दुनिया ने नई करवट ली.भारत के अमेरिका से संबंध स्थापित हुए तो उसने भारत को ईरान के क़रीब आने से हमेशा रोका. इराक़ के साथ युद्ध के बाद से ईरान अपनी सेना को मज़बूत करने में लग गया था.

उसी के बाद से ईरान की चाहत परमाणु बम बनाने की रही है और उसने परमाणु कार्यक्रम शुरू भी कर दिया था. अमेरिका किसी सूरत में नहीं चाहता था कि ईरान परमाणु शक्ति संपन्न बने और मध्य-पूर्व में उसका दबदबा बढ़े. ऐसे में अमरीका ने इस बात के लिए ज़ोर लगाया कि ईरान के बाक़ी दुनिया से संबंध सामान्य न होने पाएं. कहा जा रहा है कि इसराइल के साथ भारत की भले क़रीबी है लेकिन इसराइल हर मामले में भारत का साथ नहीं पा सकता है. ख़ास कर ईरान के मामले में. क्षेत्रीय मामलों में भारत अपने हितों के हिसाब से इसराइल और ईरान का साथ देता है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 42: अनेक दिव्य अस्त्र हुए साधक श्री राम के अधीन

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



प्रातः काल उठने पर संपूर्ण क्षेत्र में परिवर्तन दिखाई दे रहा था।ताड़का की नकारात्मक शक्तियों के नाश के बाद स्वतः ही वातावरण हल्का और आनंद से परिपूर्ण हो गया है। जहां गुरु विश्वामित्र, राम तथा लक्ष्मण जैसे विवेक और ऊर्जा से परिपूर्ण व्यक्तित्व हों, वहां यह परिवर्तन आना ही था। श्री राम गुरु विश्वामित्र की कसौटी पर खरे उतर चुके थे। प्रातः विश्वामित्र जी ने उन्हें अनेक दिव्य अस्त्रों का ज्ञान प्रदान किया। राम गुरु के समक्ष हाथ जोड़कर ध्यानमग्न हैं। गुरु ने अपनी आंखें बंद कीं और ध्यान की अवस्था में उन दिव्य अस्त्रों का एक-एक कर आह्वान किया। ''सारी चीजें प्रकृति में पहले से मौजूद हैं राम! विशिष्ट साधना से अनेक ऊर्जा पुंज निर्मित, नियंत्रित और संकेंद्रित होकर विभिन्न अस्त्र बन जाते हैं। ब्रह्मांड के अनंत विस्तार से लेकर हमारे शरीर में उपस्थित पंचतत्वों से निर्मित ये अस्त्र अपने अनेक परिवर्तित स्वरूपों में विशिष्ट रूप धारण करते हैं। ये अस्त्र विनाश करने में सक्षम हैं।सुपात्र इसका सदुपयोग करते हैं और कुपात्र इसका दुरुपयोग करते हैं।'' गुरु ने समझाया। ''जी गुरुदेव! मैं इन अस्त्रों के उचित उपयोग की पात्रता अर्जित करूंगा और असामान्य परिस्थितियों में अति आवश्यक होने पर ही इनका उपयोग करूंगा।'' राम ने अपने गुरु को आश्वस्त किया। श्री राम जानते हैं कि उद्देश्य की पवित्रता ही एक न्यायप्रिय योद्धा और एक अन्यायी में अंतर उत्पन्न करती है। गुरु ने दंड चक्र, धर्मचक्र, विष्णु चक्र, शिवजी के श्रेष्ठ त्रिशूल, ब्रह्मा जी के ब्रह्माशिर नामक अस्त्र से लेकर मोद और शिखरी नामक गदा, अनेक पाश, ब्रह्मास्त्र तथा नारायणास्त्र का ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने इसके अलावा अन्य विभिन्न प्रकार के दिव्य अस्त्रों-शस्त्रों से लेकर विभिन्न शक्तियों, सम्मोहन जैसे मनोवैज्ञानिक अस्त्रों का ज्ञान प्रदान किया। ये सभी अस्त्र-शस्त्र श्री राम के अधीन होते गए और उन्होंने बड़े सम्मानपूर्वक उन्हें स्वयं में अंतर्निहित किया। जो व्यक्ति सदाचारी होता है वह अपने कार्यों से किसी भी क्षेत्र को सकारात्मक तरंगों से परिपूर्ण कर देता है। श्री राम ने भयंकर ताड़का वन को एक श्रेष्ठ तपोवन में परिवर्तित कर दिया था। अब आगे की यात्रा प्रारंभ होनी थी।दूर एक पर्वत के पास अंबर से बरसने के लिए आच्छादित घटा के समान गहन सघन वृक्षों से सुशोभित सुंदर स्थान दिखाई दे रहा है।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

### शब्द सामर्थ्य -308

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दाहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. काबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, सजाना 14. अवर्णनीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 307 का हल





## कविता

### राम लला



राम लला हम आएंगे,
भगवा ध्वज फहराएंगे।
चरणों में शीश नवाएंगे,
भजन में सुर मिलाएंगे।
जन्म भू अयोध्या जाएंगे,
पावन तिलक लगाएंगे।
घर घर अलख जगाएंगे,
राम भक्त ही कहलाएंगे।



गजेन्द्र बख्शी
32 रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3, राज़.

## कविता


### चलव अयोध्या धाम

छत्तीसगढ़ के बेटी कौशिल्या, जेकर बेटा राम हे।
छत्तीसगढ़ के भांचा राम ल, घेरी बेरी परनाम हे।
दर्शन बर जिहा मेला भराही, सुख शांति आराम हे।
ढोल, नागाड़ा घंटा बाजही, आरती सुबह शाम,
चलव जाबोन अयोध्या धाम।।
गंगा, जमुना, सरसती तीरथ म परियाग।
माता पिता के बचन निभाईस, राजपाठ के करिस तियाग।
काम क्रोध अऊ मोह तियाग के, कर प्रभु पद म अनुराग।
रामलला के दर्शन करही, जेकर जबर हे भाग।
मर्यादा पुरूषोत्तम राम तोला, दण्डवत हावे परनाम,
चलव जाबोन अयोध्या धाम।।
सरजू नदी हिलोरा मारे, जुरमिल डुबकी लगाबो।
उज्जवल होही राष्ट्र हमर, घर घर दीप जलाबो।
जगमग होही डेहरी हमर, अंधियारील भगाबो।
लईका हरन हम राम के, अऊ राम के कारज म जाबो।
छ.ग. म जहरित हावे, माता कौशिल्या के धाम,
चलव जाबोन अयोध्या धाम।।



आनंदराम सार्वा
कु.बो.भाठागांव

## राशिफल




**मेष**
आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन फीट एण्ड फाईन रहेगा। आप बेहतर महसूस करेंगे। बिजनेस के किसी काम से आज आपको बाहर जाना पड़ सकता है।




**वृषभ**
आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।



**मिथुन**
आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होने की संभावना है। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। आज बच्चों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। आप किसी नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं।



**कर्क**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा।



**सिंह**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा।



**कन्या**
आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का मौका मिलेगा, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए।



**तुला**
आज आपका दाम्पत्य रिश्ता मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।




**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी खुशी के पल बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहि, साथ ही जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है ।



**मकर**
आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दोस्तों से आपको मदद मिलेगी। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी।



**मीन**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। घर का माहौल अच्छा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

# पहला कॉलम...

## जय गुरुदेव जनजागरण यात्रा रुदगांव पहुंची



डोंगरगांव(दावा)। समीपस्थ गांव रुदगांव में जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा से संत पंकज महाराज की अगुवाई में निकली 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा सायंकाल अपने 24 में पड़ाव के दौरान 18 जनवरी को खेल मैदान रुदगांव पहुंची। सरपंच टीकाराम सोनकर, हरेश कुमार सोनकर, यशवंत राय साहू, गजेंद्र कुमार साहू व गांव के भाइयों बहनों ने यात्रा का स्वागत किया। आज 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे से सत्संग आयोजित किया गया, आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि इस पावन अवसर पर पधारकर दर्शन सत्संग का लाभ प्राप्त करें।

## शिक्षकों का माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न



डोंगरगांव(दावा)। संकुल स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा कोकपुर में 18 जनवरी को संकुल स्तरीय एक दिवसीय मंगना में शिक्षा माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल कोकपुर व आसरा के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण सीआरजी कोनिका सोनी व बीआरजी ममता बोरकर के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि माह जनवरी में इकाई-दहाई की समझ विकसित करने हेतु लकड़ी के बंडल बनाकर गिनना व हिंदी विषय मे अक्षर कार्ड से शब्द बनाने की गतिविधि, फरवरी माह में आवाज पहचानों अंक बताओ इस खेल के द्वारा गिनती सिखाना व कुर्सी दौड़ संग बातें खेल से बच्चों को विषय से जोड़ना सिखाया जाएगा तथा मार्च माह में गोटे के खेल से जोड़ का ज्ञान तथा हिंदी विषय में रिंग के खेल से बच्चों में भाषा ई-कौशल का विकास करना है इत्यादि सम्मिलित है। शैक्षणिक गतिविधियों के तहत गणित व हिन्दी के विषयों को खले-खले में स्थानीय सामग्रियों से जोड़कर माताएं कैसे बच्चों को सीखा व पढ़ा सकती है, इस संबंध में जानकारी दी गई। वहीं आयोजित होने वाले मड़ई तिहार के संबंध में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान निरीक्षण हेतु डीएमसी सतीश व्यौहारे व एपीसी रफीक मोहम्मद अंसारी व बीआरसी अरविन्द रत्नाकर उपस्थित रहे। वहीं उनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया गया।

## नाथूनवांगांव मंड़ई 21 को

तुमडीबोड़ (दावा)। समीपस्थ ग्राम नाथूनवांगांव आगामी 21 जनवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ग्राम के नवीन वर्मा एवं मुकेश वर्मा ने बताया कि रात्रि में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक तिहार छुरिया का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर अंचल के आम जनों से मंडई व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की गई है।

## कल सिंघोला में गांव मड़ई मेला

हरदी (दावा)। ग्राम सिंघोला में गांव मड़ई मेला का आयोजन कल 20 जनवरी को बजरंग चौक में रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा मोर मयारू बेटा नाच पार्टी ग्राम सिकोसाभाठा बालोद वाले का कार्यक्रम रखा गया। उक्त जानकारी देते हुए तुलसी राम साहू, अमर सिंह साहू व मुकेश साहू ने अंचल के व्यापारिओं एवं जन मानस को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## आज पिनकापार मड़ई मेला

हरदी (दावा)। ग्राम पिनकापार (जेवरतला) में आज 19 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। लोगों की मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा ज्ञान के पुजा नाच पार्टी मुड़माड़ी गोंदिया महाराष्ट्र वालों का कार्यक्रम रखा गया। उक्त जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि दिलेश्वर भुआर्य व जाग्रत देवांगन ने अंचल के व्यापारिओं एवं जन मानस को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## आज करवारी में मंडई

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम करवारी में 19 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है वहीं रात्रि ग्राम पारसबोर्ड जिला खैरागढ़ वाले छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है जिसमें ग्राम सरपंच नंदलाल नेताम, एवं रवि वर्मा जितेंद्र सिन्हा राम खिलावन अंगद पांडे विनोद वर्मा रोशन वर्मा अमित नेताम आदि ने अंचल के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

## दिग्विजय महाविद्यालय द्वारा शास. उच्चतर माध्य. विद्यालय सोमनी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन एवं ग्रंथपाल परसराम एवं अध्यापक टिकेश कुमार के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी, राजनांदगांव में कक्षा 11 वीं एवं कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की PPT के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रारूप, उद्देश्य, DSC,AECC, GE,SEC,VAC एवं महाविद्यालय की दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नवीन प्रावधान एवं पद्धति इत्यादि की जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती एस.अवस्थी ने इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। इस कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के विद्यार्थियों से फीडबैक प्रपत्र भरवाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थी सम्मिलित हूए महाविद्यालय के पुस्तकालय स्टाफ संजय देवांगन ने भी इस कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की तथा कार्यक्रम संचालन में सहयोग दिया गया।

# अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्मप्रेमियों की बैठक, गंडई में किया जाएगा विविध कार्यक्रम



गंडई पंडरिया (दावा)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होना है जिसे लेकर पूरे देश मे जोर-शोर से तैयारी किया जा रहा है, चुँकि प्रत्येक व्यक्ति अयोध्या नही जा सकता है इसलिए उनसे आग्रह किया जा रहा है कि अपने घर, गली, मोहल्ले, नगर में ही रहकर विभिन्न धर्मिक आयोजनों में शामिल होकर इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बने। इसके लिए 17 जनवरी को गंडई के वार्ड 05 स्थित सांस्कृतिक भवन में शाम 4 बजे धर्मप्रेमियों का बैठक लिया गया और तय किया गया कि 22 जनवरी को नगर को भव्य तरीके से सजाया जायेगा, राम धुन के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न गलियों से होते हुए पंडरिया स्थित राम मंदिर तक जाएगी और 1 बजकर 20 मिनट में राम मंदिर में महाआरती किया जाएगा। अलग-अलग समुदायों द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। देर शाम को आतिशबाजी किया जाएगा एवं राम मंदिर को दियो से सजाया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी महामंत्री मंडल भाजपा के श्यामपाल ने दी।

बैठक के अंत में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्सव समिति के सदस्य बिसौहा नामदेव ने अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को सभी अपने घर गलियों और मोहल्लों में साफ सफाई रखे, रंगोली से सजाएं घर के सामने दीप जलाए ऐसा माहौल निर्मित करें, जैसे दीपावली हो। पूरी भक्तिभाव के साथ श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बने। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे थे।

# मुस्लिम बंधु सजा रहे राम मंदिर





**गंडई में मिसाल बना, नगर में हो रही तारीफ**

गंडई पंडरिया (दावा)। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से की जा रही है। इस दिन को लेकर यहाँ नगर के दो मुस्लिम बंधु उत्सुकता के साथ राम मंदिरों को आकर्षक ढंग से स्वयं के खर्च पर सजा रहे हैं, इसका नगरवासियों ने काफी सराहना कर रहे है, 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले, भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में धार्मिक आस्था का माहौल सभी भगवान रामलला के आने की तैयारियाँ अपने-अपने ढंग से कर रहे है तथा अपने घर व राम मंदिरों को सजाने व सँवारने में लगे हुए हैं। इस दिन नगर में जगह-जगह कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नगर के पंडरिया स्थित मुस्लिम बंधु हसन खान किए जाएंगे। राम मंदिर को व कोपेभांठा वार्ड नं. 06 स्थित हनुमान मंदिर को मोइन खान अपने स्वयं के खर्च पर आकर्षक ढंग से सजाने व संवारने का काम कर रहे है। भगवान श्रीराम के प्रति मुस्लिम बंधुओं में भी काफी आस्था परिलक्षित हो रही है जिसका नगरवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

## आज से रेंगाकठेरा में शिवमहापुराण कथा का आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम रेंगाकठेरा में स्व. दीनाराम यदु की पुण्यस्मृति में श्री शिव महापुराण कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ से पंडित सुनील शर्मा सिंगारपुर, खैरागढ़ के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कथावाचन का समय दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 19 जनवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महापुराण महात्म्य, 20 जनवरी को नारद मोह कथा, रुद्राक्ष महिमा, भस्म महात्म्य, 21 जनवरी को सती चरित्र, कामदेव का विवाह, 22 जनवरी को भगवान शिव व मां पार्वती विवाह, 23 जनवरी को कार्तिकेय एवं गणेश जी का जन्म एवं चरित्र, 24 जनवरी को उमा संहिता, देवी महिमा, महाकाली वरण, 25 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग का वर्णन, चढ़ौत्री, शोभायात्रा तथा 26 जनवरी को वार्षिक श्राद्ध पूजा, शिव सहस्त्र नाम पाठ, हवन पूर्णाहूति, महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर का पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# रामोत्सव पर्व पर गंगा आरती, दीपोत्सव व लेजर शो 20 से



**लोक गायिका आरू साहू की प्रस्तुति 21 जनवरी को**

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ओर श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा तीन दिवसीय रामोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें 20 जनवरी दोपहर 2 बजे विशाल बाईक रैली श्री राम मंदिर जय स्तम्भ चौक से नगर भ्रमण 21 जनवरी संध्या 07 बजे छत्तीसगढी लोक गायिका ओजस्वी आरू साहू का लाइव प्रोग्राम साथ ही प्रसिद्ध बाँसुरी वादक ओमप्रकाश देवांगन की प्रस्तुति हाई स्कूल मैदान में व 22 जनवरी सुबह 11 बजे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण साथ ही संध्या 6 बजे गंगा आरती, 21000 दीपों का प्रज्जवलन, लेजर शो आतिशबाजी का आयोजन किया गया है।

समिति के हनी गुप्ता ने बताया कि आयोजन को लेकर वरिष्ठजनों व सामाजिक बधुओं की बैठक पूर्व में सम्पन्न हुई। जिसमें आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। बाइक रैली हेतु महिलाओं व पुरुषों के किये अलग अलग डी जे साउंड सिस्टम की व्यवस्था व शहर के मुख्य धार्मिक धरोवर महावीर तालाब की सीढ़ियों की साफ सफाई पोताई कार्य कराया गया। साथ ही आरू साहू लोक गायिकी के प्रोग्राम हेतु ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। हाई स्कूल मैदान में हज़ारों की संख्या में राम भक्त आयोजन का आनंद ले सकेंगे। जिसमे महिलाओं व पुरुषों के लिए बैठने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही दिवाली जैसा पर्व नगर में देखने को मिलेगा। जिसमे एल ई डी स्क्रीन, लाइटिंग, डांस हेतु कलाकार बाहर से बुलाये जा रहे है नगर में तीन दिन रामोत्सव के रुप में मनाया जाएगा समिति की ओर से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने आग्रह किया गया है।

# श्रीराम रथ यात्रा पहुंची मक्काटोला



**हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया**

डोंगरगढ़ (दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके लिए देश के सभी गांवों एवं शहरों में अलग अलग संगठन के द्वारा धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे ही राम रथ यात्रा बाईक रैली के साथ में जिला भाजपा राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव से डोंगरगांव,छुरिया होते हुए शाम को मक्काटोला आगमन पर भाजपा किसान नेता एवं पंचायत के प्रधान हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। जिसमें रथ यात्रा के ऊपर पुष्प वर्षा किया गया और महिलाओं द्वारा आरती पूजा किया गया। लगातार जय श्री राम के नारे लगते हुए, उत्साह के साथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत मक्काटोला में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान हेमलाल वर्मा ने सभी से निवेदन किया कि हमारा पीढ़ी सौभाग्यशाली है। जिसे राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर बनते हुए देख रहे हैं,हम सभी प्रतिवर्ष दिपावली मनाते हैं लेकिन यह उत्सव 500 वर्ष बाद आया है।

22 जनवरी को सभी दीपावली जैसा त्यौहार मनाएं - हेमलाल वर्मा

भाजपा नेता मक्काटोला के प्रधान हेमलाल वर्मा ने ग्रामीणों से अपील की है कि सभी 22 जनवरी को दिपावली से बढ़कर उत्सव मनाएं। उस दिन गांवों के सभी मंदिरों में दीप जलाकर, घर के बाहर रंगोली सजाकर, शोभायात्रा निकालकर,रात को दीपक से घर आंगन को सजाकर, पटाखे जलाकर उत्सव मनाएं। राम रथ यात्रा के स्वागत में प्रधान हेमलाल वर्मा, ग्राम प्रमुख हेमंत साहु, नरेन्द्र ठाकुर, चमरू नेताम, घनाराम साहू, घनश्याम वैष्णव, रामाधार ओझा, पंचगण - संतोष बंजारे, रवि पटेल, ईश्वरी कंवर, जितेन्द्र सिन्हा, खेमलाल साहु,लखन साहू, गिरवर सिन्हा, भगवानी पटेल, मानसिंग वर्मा, अनिल बंजारे, शत्रुहन सेन के साथ भारी संख्या में ग्रामीण महिला, बच्चे शामिल हुए।

# अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गायत्री मंदिर में हो रहा प्रतिदिन रामायण पाठ



डोंगरगांव(दावा)। समूचे देश विदेश में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भव्य एवं दिव्य नवनिर्मित मंदिर में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी की प्रतीक्षा हो रही है। उससे पहले ही चहुंओर उत्साह और उमंग का भक्तिमय वातावरण है। पूरा नगर व ग्राम भगवामय हो चला है। गांव-गांव, शहर-शहर में अयोध्या से आया पीला अक्षत के साथ प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है।

इसी तारतम्य में स्थानीय गायत्री मंदिर में भी 22 जनवरी के दिन को ऐतिहासिक दीपोत्सव पर्व के रूप में मनाने की तैयारी की गई है। इससे पहले मंदिर में महिला मंडली द्वारा अयोध्या में रामलला के नूतन विग्रह प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बीते 28 दिसंबर से प्रतिदिन रामायण पाठ का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें नगर की धर्मपरायण महिलाएं बड़ी संख्या में रोज एकत्रित होकर रामायण के साथ भजन कीर्तन कर रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से श्रीमती हीरामणी गुप्ता, शांति सोनी, ऊषा नामदेव, सीता गुप्ता, चंदा तिवारी, जयंती रावटे, भुनेश्वरी भुआर्य, प्रतिभा साहू, ललिता शर्मा, ज्योति शर्मा, गंगा अग्रवाल, आशा महाजन, मंजू, निशा पंजवानी, अनुराधा शांडिल्य, चंद्रकांति साहू, धापूबाई गांधी, माला, उर्मिला, शशि, नीलिमा यदु आदि की सहभागिता है।



**डोंगरगढ़ (दावा)। ठाकुरटोला (कोलेन्द्रा) वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 मे प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल खुलने पर आन्दोलन में सहयोग करने वाले जनप्रतिनिधिगण का ग्रामवासियों द्वारा शाल श्रीफल पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त किए।**

## आज से जोंधरा में दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। स्थानीय ग्राम जोंधरा में आज दिनांक 19 जनवरी से दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन दिन शनिवार व रविवार को रखा गया है। जिसका उद्घाटन समारोह 19 जनवरी को संध्या 6 बजे आयोजित है, समिति के अध्यक्ष सम्पत बनपेल, बंशीराम साहू, आपुक खॉ आदि ने बताया कि दो दिनों तक आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धा में लगभग 50 प्रतिभागी टीमे भाग लेगी। प्रथम द्वितीय, तृतीय चतुर्थ एवं पंचम आने वाली पुरूष एवं महिला मानस मंडली को समिति द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। समस्त ग्रामवासियों ने इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीणों से अधिक से अधिक सख्या में उपस्थिति होने की अपील की है।

# रामलला के आगमन पर 22 को भव्य दीपावली मनाएं- रामकुमार गुप्ता



डोंगरगांव(दावा)। डोंगरगांव नगर सहित मटिया करियाटोला, बोधी टोला, सेवताटोला, किलापार व अन्य सभी वार्ड के मन्दिरों को 22 जनवरी के महोत्सव के लिए विशेष रूप से सजाया जाएगा, जिसकी तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। ग्राम मटिया वार्ड 13 व 14 में शीतला माता मंदिर में महाआरती के साथ सीधा प्रसारण व रात्रि में गंधर्व मानस परिवार भानुप्रतापपुर का मानस गान होगा। वहीं मुख्य आयोजन किल्ला पारा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर में संपन्न होगा। जिसमें सुबह 10 बजे से मानस गान, साढ़े 11 से 1 बजे तक कोदण्डधारी प्रभु श्रीरामलला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण, पुनः मानस गान आयोजन रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से पुराना बस स्टैंड में राम भक्त युवा समिति द्वारा पंडित विवेक शर्मा, कंचन जोशी का भजन, सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित है। रामकुमार गुप्ता व सभी राम भक्तों ने सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में सह परिवार सम्मिलित होकर धर्मलाभ लाभ लेने का अनुरोध किया है। साथ ही आग्रह किया है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में सभी अपने घरों को दीवाली की तरह सजाए। दीप, रंगोली, तोरण लगायें। मंदिरों की साफ-सफाई करें और इस ऐतिहासिक और अलौकिक क्षण का साक्षी बनें।

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम भोजटोला के आदिवासी कन्या आश्रम शाला में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में विकासखंड के प्रत्येक संकुल से एक महिला शिक्षक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को बाल्यकाल में बच्चों के उचित देखभाल, पोषण और उनके समुचित विकास के लिए माताओं की भूमिका के साथ एफएलएन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु खेल-खेल में शिक्षा संबंधी बालों पर क्षमता विकास प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में विशेष मार्गदर्शन हेतु विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के.एल.वर्मा, मास्टर ट्रेनर्स प्रमिला यादव, अनिता चौरे, संकुल समन्वयक ललित कुमार साहू, गजेन्द्र यादव एवं दीपक राजपुत उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के आरंभ में विकासखण्ड से स्रोत समन्वयक वर्मा ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि बाल्यावस्था में माता ही हर बच्चे की प्रथम गुरू होती है। इसलिए माताओं के उन्मुखीकरण एवं उनकी क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा द्वारा यह प्रशिक्षण वृहद तौर पर आयोजित किया जा रहा है।

माताओं द्वारा घरेलू वस्तुओं से बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दिया जाना निश्चित ही बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार की ओर एक सकारात्मक कदम है। उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित सभी शिक्षकों से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भाषा एवं गणित विषय पर गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड मोहला के पूरे 34 शाला के 68 शिक्षकों सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गणतंत्र दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता



खैरागढ़ (दावा)। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता का 6वां वर्ष है। यह कार्यक्रम नागरिक एकता मंच खैरागढ़ के बैनर तले किया जा रहा है, जिसमें नगर के प्रबुद्धजनों सहित आम नागरिकों का सहयोग होता है।

कार्यक्रम 21 जनवरी रविवार को सुबह 7 से 10 बजे तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय परिसर क्रमांक 1 खैरागढ़ आयोजित किया गया है। जिसमें प्रतिभागियों को पंजीयन 19 जनवरी तक अपना नाम दर्ज कर सकते हैं। संयोजक किशोर शर्मा ने बताया है, कि बच्चों के सृजनात्मक कौशल को प्रेरित करने यह प्रतियोगिता किया जाता है। जिसमें बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें तकनीकी जानकारी भी बताई जाती है।

मुख्यतः यह कार्यक्रम निःशुल्क बच्चों को अवसर प्रदान करना है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित भी किया जाता है और उत्कृष्ट कृति को मोमेन्टों दिया जाता है। दानदाताओं के सहयोग से सभी कार्यक्रम आयोजित होता है, जफर उल्लाह खान के तरफ से प्रतिवर्ष सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है, उसी प्रकार मोमेन्टो, स्वल्पाहार आदि के लिए नए-नए दानदाताओं द्वारा अपना सहयोग दिया जाता है। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. रवि नारायण गुप्ता ग्राफिक्स विभाग संदीप किंडो चित्रकला विभाग एवं डॉ. छगेंद्र उसेंडी मूर्तिकला विभाग सहायक प्रध्यापक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ रहेंगे। कार्यक्रम प्रभारी आनंद वैष्णव और उत्तम दशरिया रहेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन ग्राम दर्री पहुंची

**राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम दर्री पहुंची। मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ ली। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। मोबाईल वैन के ग्राम दर्री पहुंचने पर ग्रामवासी उत्साह एवं खुशी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। इस दौरान सरंपच श्रीमती हरिला बाई साहू, श्रीमती प्रियंका सोनटेके, ओमप्रकाश रामटेके, ओमप्रकाश उइके, डॉ. निरेन्द्र साहू, महेश्वर साहू, श्रीमती ढालेश्वरी कौशिक, अरूणा यादव, सुनीता बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनसामान्य को प्रधानमंत्री आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में




बताया गया। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में बताया गया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार के तहत लघु सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को अधिकतम 2 हेक्टेयर तक अनुदान दिया जाता है। जिसमें गेंदा पुष्प के लिए प्रति हेक्टेयर 16 हजार रूपए का अनुदान, ग्लेडियोलस बल्ब के लिए प्रति हेक्टेयर 37 हजार 500 रूपए एवं रजनीगंधा पुष्प के लिए प्रति हेक्टेयर 37 हजार 500 रूपए का अनुदान दिया जाता है।

संरक्षित खेती के तहत लघु सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को अधिकतम 4 हजार वर्ग मीटर तक शेडनेट हाऊस के लिए प्रति वर्ग मीटर 355 रूपए एवं पाली हाऊस के लिए प्रति वर्ग मीटर 530 रूपए तथा लघु सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को अधिकतम 2 हेक्टेयर तक प्लास्टिग मल्चिंग के लिए प्रति हेक्टेयर 16 हजार रूपए का अनुदान दिया जाता है। पोस्ट हारवेंस्ट मैनेजमेंट के तहत लघु सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को 9.6 मीटर में पैक हाऊस के लिए 2 लाख रूपए तथा यांत्रिकीकरण के तहत लघु सीमांत महिला एवं अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति का अनुदान 10 हजार एवं दीर्घ कृषकों को 8 हजार तथा लघु सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को पॉवर विडर के लिए 70 हजार रूपए का अनुदान दिया जाता है।

लीड बैंक के स्टॉल में महिला सम्मान बचत पत्र के संबंध में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि 7.5 प्रतिशत उच्च ब्याज दर पर महिलाएं इस योजना के तहत खाता खोल सकती हैं। जमा तारीख से 2 वर्ष पूर्ण होने पर जमा राशि ले सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 10 वर्ष तक की बालिकाओं के नाम से माता-पिता अथवा विधिक संरक्षक द्वारा 2 बालिकाओं के नाम से खाते खोले जा सकते हैं। 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर है।

न्यूनतम जमा राशि 250 तथा 50 रूपए के गुणांक में एक वित्तीय वर्ष में 1.5 लाख रूपए की सीमा निर्धारित है। इस दौरान केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत अपने अनुभव साझा किए। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## नगर पंचायत डोंगरगांव में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। भारत सरकार के प्रमुख योजनाओ की संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत डोंगरगांव में 17 जनवरी 2024 को साकेतधाम परिशद डोंगरगांव वार्ड 11 डॉ. एस जयराम अयर वार्ड में किया गया, जिसमें शासकीय योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने और लाभान्वित कराने के लिए शिविर में विभागवार स्टाल लगाकर लोगो तक जानकारी से लाभन्वित किया गयाए जिसमें नागरिकों की काफी संख्या में उपस्थिति दिखी। विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन का नगर के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथियों के द्वारा भारत माता के चलचित्र पर पूजा अर्चना किया गया पश्चात केन्द्र सरकार द्वारा जारी कैलेण्डर एवं बुकलेट का विमोचन कर नागरिकों में वितरण किया गया। विकसित भारत की कहानी एवं



केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी वेन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश को प्रसारित किया गया। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों कर्मचारी अधिकारी जनप्रतिनिधि गणए पत्रकारगण एवं आम नागरिकों के द्वारा शपथ लिया गया ।

नगर पंचायत डोंगरगांव के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राही द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी, मातृत्व वंदना, आयुष्यमान कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान योजना, उज्जवला गैस, पोषण आहार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, गैस कनेक्शन, पोषण किट वितरण योजना, इत्यादि इन सभी के द्वारा विभिन्न योजनाओं से सफल लाभार्थी अपने अनुभव को साझा करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विभिन्न विदयालयों के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई साथ ही उपस्थित अतिथिगण जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी, छात्र छात्राओं, नगरवासी गण, इत्यादि के द्वारा क्वीज प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसमें सही उत्तर देने वालो को भारत संकल्प यात्रा के दौरान सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत के कार्यालयीन स्टाफ के अलावा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारी सेवा समिति एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी, आधार कार्ड अपडेशन द्वारा संबंधित योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि 1, पीएम आवास योजना 20, पीएम विश्वकर्मा योजना 102, आयुष्मान कार्ड 70, उज्जवला योजना 31, अटल पेंशनए आधार कार्ड 37, स्वास्थ्य परीक्षण के 2031 आवेदन स्टाल लगाकर नागरिकों से प्राप्त किये एवं जानकारी दी गई। नगर पंचायत डोंगरगांव के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, तहसीलदार डोंगरगांव, उपअभियंता, लेखापाल, सहायक राजस्व निरीक्षकए कैशियर, पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विभाग, लोक सेवा केन्द्रए पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभागए शिक्षा विभाग, एवं अन्य विभाग की टीम सहित नगरवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 30 को नशामुक्ति के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी 2024 को नशामुक्ति के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनसामान्य में व्यसन मुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिए रैली, व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जनसामान्य से नशापान नहीं करने संबंधी संकल्प एवं शपथ-पत्र में हस्ताक्षर कराया जाएगा।

## कलेक्टर ने राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 10 से 28 फरवरी 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर ने लिम्फेटिक फाइलेरिया एवं हाइड्रोसिल प्रकरण, फाईलेरिया रात्रिकालीन सर्वे की स्थिति, फाइलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि घर के सदस्यों एवं पड़ोसियों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए प्रेरित करें। दवा खाने से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की मदद करें। फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग




◦ 10 से 28 फरवरी 2024 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को कराया जाएगा दवा का सेवन

करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के तहत जानकारी दी गई कि 10 से 15 फरवरी 2024 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर, 16 से 24 फरवरी 2024 तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंट कर तथा 26 से 28 फरवरी 2024 तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदाय किये गए ईइसी, वीडियो को विभाग के सभी व्हाट्सअप, टेलीग्राम ग्रुपों में साझा किया जाये, जिससे फाईलेरिया दवा सेवन के संबंध में लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में इंटीग्रेटेड योग शिविर संपन्न

**डोंगरगढ़ (दावा)। पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में एक दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन माई की नगरी में किया गया। योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के विशिष्ट शिष्य स्वामी परमार्थ देव जो पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी भी हैं का आगमन माई की नगरी में हुआ सुबह 6 से 8 बजे तक 2 घंटे स्वामी परमार्थ देव ने हृदय रोग मधुमेह ब्लड प्रेशर साइटिका कब्ज सर्वाइकल जैसे असाध्य रोग को दूर करने योग्य के गुरु सिखाएं। दैनिक जीवन में योग के लाभ व स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन की सारगर्भित व्याख्या भी उन्होंने की। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए योग कितना आवश्यक है भारत माता के स्वाभिमान को जगाने बाबा रामदेव के अभियान को आगे बढ़ाने में योग शिविरों का अत्यंत महत्व है।**

सुबह 5 बजे से ही पहुंचने लगे लोग

मां बमलेश्वरी मंदिर छीरपानी प्रांगण में हुए इस आयोजन में सुबह 5 बजे से ही भीड़ लगना प्रारंभ हो गयी थी। अविभाजित राजनांदगांव जिले के साथ-साथ कवर्धा दुर्ग रायपुर बिलासपुर बालोद महासमुंद से भी योग साधक इस शिविर में भाग लेने पहुंचे थे। शिविर में पहुंचे परमार्थ देव जी का स्वागत तहसील योग प्रभारी संतोष टेमरे मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी सेवानिवृत स्टेशन मास्टर विश्वनाथ यादव पूर्व विधायक विनोद खांडेकर दुर्ग के प्रभारी जयंत भारती राजनांदगांव के हेमंत तिवारी छत्तीसगढ़ के प्रभारी संजय अग्रवाल श्रीमती गंगा दीदी जय दीदी डॉक्टर मनोज पाणिग्रही विश्व जागृति मिशन के संयोजक गोपाल खेमुका योगाचार्य डीसी येडे हेमंत साहू महेंद्र अग्रवाल छेदुलाल अग्रवाल श्रीमती रजनी भाटिया देवेंद्र साखरे सहित बड़ी संख्या में योग साधकों ने किया। इस अवसर पर आइटीबीपी के जवान जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने



हरिद्वार से पधारे योगाचार्य परमार्थ देव का हुआ स्वागत

सुबह 6 से 8 बजे तक शिविर का लाभ उठाया। आयोजन स्थल 6 बजे के पूर्व ही पूरा भर चुका था यह योग के प्रति लोगों की जागरूकता व आयोजन के सफल होने का प्रमाण था शिविर में यज्ञ थेरेपी वॉटर थेरेपी संगीत में योग की प्रतिक्रियाएं सिंगी थेरेपी सहित विभिन्न रोगों को ठीक करने सराहनीय प्रदर्शन भी किया गया लोगों ने इसकी भरपूर प्रशंसा की। परमार्थ देव जी ने बताया कि दुर्ग संभाग में मोक्षित निरामयम के नाम से पतंजलि की शाखा संचालित है जहां विभिन्न थेरेपी का लाभ उठाया जा सकता है। इस दौरान राजनांदगांव के मेगा स्टोर से पधारे विकास गुप्ता व चिकित्सक डाक्टर विष्णु ने भी शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर में मुख्य रूप से सत्येंद्र बिसेन श्याम तिवारी मनोज दम्माणी गोपाल महोबिया अशोक शिंदे भुवनेश्वर वैष्णव सतविंदर भाटिया बनवारी लाल अग्रवाल कमल किशोर अग्रवाल प्रकाश अग्रवाल प्रेमलाल ठाकुर जेके जैन विनय बंसल बंटू साहू श्रीनिवास जनबंधु मनथीर दास साहू अक्षय मंजू धनकर श्रीमती दीप्ति अग्रवाल श्रीमती निर्मला चौधरी श्रीमती गोदावरी साहू रामकुमार यादव सतीश यादव ने भी घूम घूम कर लोगों को योग करने में मदद की। स्थानीय टीम के पदाधिकारी व कार्यकर्ता योग शिविर में व्यवस्था बनाने में लग रहे जिससे कार्यक्रम सफल रहा। अंत में आभार प्रदर्शन तहसील प्रभारी संतोष टैमरे ने किया बड़ी संख्या में लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया भीड़ को देखकर गदगद परमार्थ देव जी ने आगामी समय में माई की नगरी में तीन दिवसीय शिविर लगाने की घोषणा की जिसका योग साधकों ने स्वागत किया।

### सामाजिक समरसता की मिसाल

नगर में पतंजलि योग के प्रभारी परमार्थ जी के आगमन पर बन्नोआना परिवार ने सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की 15 जनवरी को रात्रि में परमार्थ देव सहित अन्य संतों ने रात्रि विश्राम बन्नोआना परिवार में किया पूरे परिवार ने दोपहर उनकी विदाई तक संतों की मन लगाकर सेवा की जिसकी प्रशंसा संतों ने भी की यह सामाजिक समरसता की एक बढ़िया मिसाल थी परमार्थ देव अपने साथियों सहित गुरुद्वारा भी गए वहां माथा टेक कर उन्होंने शांति एवम गर्व का अनुभव किया । इस दौरान समाज के प्रधान परमजीत भाटिया हरपाल भाटिया व जसदीप सिंह सोनू भाटिया सहित समाज के पदाधिकारी ने संतों का पुष्पाहार के द्वारा सम्मान भी किया।

## पेज 1 का शेष...

***सेल्फी के चक्कर में गई जान ....***

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन कर्मी अन्य एजेंसियों के साथ बच्चों को खोजने में लगे हैं। वहीं, वडोदरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी पार्थ ब्रह्मभट्ट ने कहा कि स्कूली छात्रों यहां पिकनिक मनाने आए थे। दोपहर में जब वे नाव पर सवार होकर हरनी झील में थे तभी वह पलट गई। अग्निशमन विभाग ने अब तक सात छात्रों को बचा लिया है, जबकि लापता छात्रों की तलाश जारी है।

***राम मंदिर के गर्भगृह में ...***

अयोध्या राम मंदिर में तीसरे दिन का अनुष्ठान शुरू हो चुका है. आज गणेश अम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदो पुण्याह वाचन,मातृका पूजन, सप्तधृत मातृका पूजन, आयुष्यमंत्र जप, नांदीश्राद्ध, आचार्यदिग्भ्रगवरण, मधुपर्क पूजन, मंडप प्रवेश आदि विधियां की जा रही हैं.

***ईडी के चौथे समन पर...***

केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे. बीजेपी वाले को कैसे पता कि केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे क्योंकि बीजेपी ईडी चला रहे हैं. लोकसभा चुनाव से पहले क्यों गिरफ्तार करेंगे. क्योंकि वह नहीं चाहते कि लोकसभा चुनाव में मैं प्रचार करूं. इस पूरी कवायद का, इस समन का मकसद लोकसभा चुनाव के पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करके उसको चुनाव में प्रचार करने से रोका. केवल ये इनका मकसद है. मैंने आज उनको जवाब दिया है और आगे देखते हैं कि क्या होता है.

***जम्मू कश्मीर- एलओसी पर...***

टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के लिए खोजी कुत्ते और आधुनिक उपकरण की मदद ली गई। मौके पर जेसीबी भी मंगाई गई। करीब छह घंटे तक ऑपरेशन चला। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर किसी तरह की सुरंग नहीं पाई गई है। गणतंत्र दिवस को लेकर कड़ी निगरानी बरती जा रही है।

***विदेश मंत्रालय की दो टूक....***

हाल ही में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए ईरान का दौरा किया था। आपने देखा होगा कि जब वह वहां थे, तो उन्होंने प्रेस को बयान दिया था। लाल सागर और अदन की खाड़ी में हिंसा और अस्थिरता पर चर्चा की गई। हम पूरी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। यह न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग है। इसलिए, वहां हमारे हित हैं। जिन पर असर पड़ रहा है। हालांकि, हमारी नौसेना क्षेत्र में गश्त लगा रही है। वे समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। ताकि, हमारे आर्थिक हितों पर असर न पड़े।

इस्राइल-हमास युद्ध पर हमारा रुख स्पष्ट- एमईए के प्रवक्ता ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में इस्राइल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, इस्राइल-हमास मुद्दे पर हमारा रुख कई मौकों पर स्पष्ट रहा है। हमने आंतकवाद की आलोचना की है। बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय मदद का आह्वान किया है। हमारा दो राज्य समाधान को लेकर रुख स्पष्ट है।

सामान्य नहीं भारत-चीन संबंध- चीन के साथ संबंधों पर मंत्रालय ने कहा, जैसा कि हमने पहले भी कहा है कि चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं है। सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर बात चल रही है।

***पीएम मोदी ने डाक टिकट ...***

स्वरूप दर्शाने का प्रयास इस मौके पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट के मंगल की कामना की गई है। सूर्यवंशी राम की छवियों से देश में नए प्रकाश का संदेश मिलता है। एल्बम में शामिल सरयू नदी की तस्वीर से सदा गतिशील रहने का संदेश मिलता है। पीएम मोदी ने कहा कि पंचतत्व के दर्शन का स्वरूप दर्शाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के साथ-साथ संतों ने भी डाक विभाग का मार्गदर्शन किया है।

विदेश में भी भगवान राम से जुड़े डाक टिकट- प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम और माता सीता की बातें- देश, काल, जाति जैसी सीमाओं से परे है। रामायण से पूरी मानवता को खुद से जोड़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि रामायण पूरी दुनिया में आकर्षण और उत्साह का विषय रही है। पूरे विश्व में भगवान राम और माता सीता के साथ-साथ रामायण को गौरव के साथ देखा जाता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों में श्रीराम पर आधारित पोस्टल स्टांप जारी होते रहे हैं। अमेरिका, सिंगापुर, गयाना, फिजी जैसे कई देशों ने सम्मान और आत्मीयता से पोस्टल स्टांप जारी किए हैं।

महर्षि वाल्मिकी और तुलसीदास की चौपाइयों का भी उल्लेख- उन्होंने कहा कि राम भारत के बाहर भी महान आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। अनेक राष्टों ने उनके चरित्र की सराहना की है। इस एल्बम में सभी जानकारियों के साथ राम-सीता के जीवन कथाओं का संकलन आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान महर्षि वाल्मिकी और तुलसीदास की चौपाइयों का भी उल्लेख किया। बकौल प्रधानमंत्री मोदी, खुद रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने कहा है कि इस धरती पर जब तक नदियों और पर्वतों का अस्तित्व है राम का जिक्र होता रहेगा।

***भाजपा-आरएसएस का है ...***

ये यात्रा शंकर देव जी की विचारधारा की यात्रा है। जो उन्होंने कहा और जो असम का इतिहास है उसी को हम फिर दोहरा रहे हैं। शंकर देव जी ने सबको रास्ता दिखाया था, सबको जोड़ने का काम किया था, अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, उसी प्रकार से उसी रास्ते पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा चलने जा रही है।

## छात्र-छात्राओं ने चित्रकूट तथा दंतेश्वरी मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती के दिशा-निर्देशन तथा गणित एवं भौतिक विभाग से लीलाराम देवांगन, रोशन साहू, कु. प्रिया ठाकुर, वासुदेव साहू, कु. मोनिका वर्मा, के नेतृत्व में



एमएससी गणित एवं एमएससी भौतिकी के विद्यार्थियों को 12 जनवरी से 14 जनवरी तक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया । जिसमें 12 जनवरी को शाम 5 बजे प्राचार्य के द्वारा पूजा अर्चना कर शैक्षणिक भ्रमण का आरंभ किया गया। 13 जनवरी को चित्रकूट तथा दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर का भ्रमण किया गया जिसमें चित्रकूट में सर्वप्रथम जलप्रपात का भ्रमण कराया गया तथा नौका विहार किया गया। इसके पश्चात दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी मंदिर का दर्शन किया गया जहां श्री श्री 1008 मां दंतेश्वरी विराजमान है।

14 जनवरी को जगदलपुर एवं तीरथगढ़ का भ्रमण कराया गया जिसमें जगदलपुर में राजा प्रवीर चंद भंजदेव के राजमहल का भ्रमण किया गया तथा वहां भी मां दंतेश्वरी विराजमान है उसका भी भ्रमण किया गया इसके पश्चात पंडित गंगाधर सामंत बाल पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण कराया गया जिसमें बस्तर संभाग से प्राप्त मूर्तियां, शिलालेख, सिक्के, राइफल तथा बस्तर संभाग के संपूर्ण पर्यटन स्थल को एक मॉडल के द्वारा दर्शाया गया है जिसमें मार्ग स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया है। तथा देवगुड़ी बस्तर को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके पश्चात जगदलपुर के बालाजी मंदिर का दर्शन कराया गया जिसमें आंध्रप्रदेश के तिरुपति बालाजी के समान ही जगदलपुर में भी बालाजी मंदिर की स्थापना किया गया है जो कि एशिया का दूसरी सबसे बड़ी बालाजी मंदिर है। इसके पश्चात तीरथगढ़ जलप्रपात का भ्रमण किया गया जो भारत के सबसे ऊंचे जलप्रपात में से एक है जिसकी ऊंचाई 299 फिट है। तथा प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा स्नान करके झरने का आनंद उठाया गया तथा तीरथगढ़ के मेले में वहां के लोगों के द्वारा बनाई गई विभिन्न चीजों को देखा गया जैसे मैजिक लैंप, दिया व अन्य सामग्री । शैक्षणिक भ्रमण के समापन के बेला में बस्तर में कैंप फायर करते हुए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तत्पश्चात अंताक्षरी तथा सामूहिक नित्य का आनंद उठाया गया। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 33 छात्र-छात्राएं है एवं 5 प्राध्यापक उपस्थित थे अंत में यात्रा मनोरंजनपूर्ण एवं सकुशल मंगल रहा।

# दिग्विजय महाविद्यालय में सिकलसेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान




**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एन.सी.सी. इकाई के द्वारा प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के मार्गदर्शन एवं एन.सी. सी. अधिकारी प्रो. लेखा प्रसाद उर्वशा के नेतृत्व में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।**

इसके अंतर्गत अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता चिरंजीव पांडे, सहायक प्राध्यापक, शास. दिग्विजय महाविद्यालय के द्वारा सिकल सेल और थैलेसीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ये जेनिटिक है साथ ही यह किस तरह से फैलता है व इसके विभिन्न चरण तथा इसके लक्षण के बारे में जानकारी दिए एवं इस बीमारी के कारणों को बताते हुए इसके प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। तत्पश्चात डॉ.केशव आडिल सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र के द्वारा सिकल सेल पर पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान दिया गया।

सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया साथ ही जागरूकता हेतु रैली निकाली गई एवं लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम पूर्व एनसीसी अधिकारी हीरेंद्र बहादुर ठाकुर एवं एनसीसी के 64 कैडेट्स उपस्थित थे।

# राम मंदिर की स्थापना देश में रहने वाले सभी लोगों के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक, 22 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह

राजनांदगांव (दावा)। श्री राम रथ यात्रा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के विशेष अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी तारतम्य में राम रथ यात्रा का आयोजन किया गया है श्री राम रथ यात्रा प्रथम दिवस के आयोजन को सफलतम करते हुए द्वितीय दिवस डोंगरगांव मोहड़, खुर्शितीकूल अछोली, आमगांव, कुमर्दा, सागर मुंजाल, सड़क चिरचारी, हर्राटोला, जोशीलमती, गैंदाटोला, सीताकसा सालेटोला कलटोला दीवानटोला कुमार छुरिया लालू टोला बाबू टोला चिचोला, लाल बहादुर नगर, मक्का टोला, रामा टोला, बिछीतोला, भोतली, कल्याणपुर, गजमर्रा डोंगरगढ़ में समापन हुआ। रथ यात्रा अपने निर्धारित समय पर नियत स्थान पर नहीं पहुंच पा रही है। इसका प्रमुख कारण रास्ते में पढ़ने वाले गांव के श्रद्धालु जन हर कोई अपने राम का आगमन होते देख स्वागत सत्कार करना चाहता है। कोई शबरी की तरह मीठे बेर खिलाना चाहता है, कोई निषाद राज की तरह श्री राम को पार कराना चाहता है ऐसे ही अनेक श्रद्धालु जन यात्रा के रास्ते में मौजूद रहे और अपने रामलला के आने का घटों इंतजार करते रहे राम रथ यात्रा के पहुंचते ही माता बहनों ने आरती की थाल से जाकर रथ यात्रा का स्वागत सत्कार किया पुरुष वर्ग ने भी अपनी सहभागिता निभाई ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो श्री राम चलकर प्रत्येक गांव पहुंच रहे हैं और अपना आशीर्वाद प्रत्येक सनातनी हिंदुओं के ऊपर बरसाने को आतुर है। जहां भगवान राम का जन्म हुआ था, वहां राम मंदिर की मौजूदगी देश में रहने वाले सभी लोगों के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है. एक मंदिर के लिए नहीं बल्कि सभी के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान था.



यात्रा के दौरान मुख्य रूप से यात्रा के संयोजक मूलचंद लोधी सहसंयोजक रवि सिन्हा लगातार यात्रा में चल रहे हैं यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा कोमल सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे अनवरत चलती इस यात्रा का समापन डोंगरगढ़ से निकलकर अछोली कलकसा देवकट्टा ढारा छपारा सिवनी पचपेड़ी मेहरूम कला भटगांव खैरा से होते हुए घूमका में इस यात्रा का समापन होगा।

# कृषि और वाणिज्य संकाय के भैया-बहनों का शैक्षणिक भ्रमण




**प्राचार्य प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में भ्रमण**

डोंगरगढ़ (दावा)। शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत कक्षा एकादश और द्वादश कृषि के भैया बहनों को कृषि प्रमुख श्री प्रदीप सिन्हा , आचार्या, रितु साहू , पल्लवी भिवघडे के मार्गदर्शन में मशरूम अनुसंधान प्रयोगशाला रायपुर अनुवांशिकीय एवं पादप प्रजनन विभाग रायपुर, मुक्तांगन नया रायपुर एवं अन्य फलों के बगीचे आदि में भैया बहनों को ले जाकर उनको कृषि विभाग से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई उनके ज्ञान में वृद्धि किया गया। इसी प्रकार एकादश और द्वादश के वाणिज्य संकाय के भैया बहनों को उनके प्रमुख श्रीमती कौशल्या वर्मा, रेवती वर्मा आदि के मार्गदर्शन में रायपुर के ऊर्जा पार्क, घासीदास संग्रहालय में महत्वपूर्ण वस्तुएं दिखा समझ कर उनके ज्ञान में वृद्धि किया गया उनको विभिन्न जानकारी दी गई, कृषि विभाग के और वाणिज्य विभाग के भैया बहनों ने उक्त शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत अपने ज्ञान में वृद्धि किए हैं इनका भरपूर लाभ उठाया। उक्त कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव एवं वरिष्ठ आचार्याओं के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# कॉन्फ्लुएंस में 15 दिवसीय वैल्यूएटेड कोर्स का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय वैल्यू एटेड कोर्स का आयोजन किया गया जिसका टॉपिक स्किल डेवलपमेंट के ऊपर था।



यहां 15 दिवसीय वैल्यू एटेड कोर्स में अलग-अलग प्राध्यापकों की निरंतर भूमिका रही जिसमें मुख्य रूप से भिलाई इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के प्रबंधन विभाग से श्रवण पांडे उपस्थित थे। उन्होंने अपने अतिथि व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को अनेक प्रकार से स्किल डेवलपमेंट की बातें बताई जिसमें कम्युनिकेशन स्किल्स, मैनेजरियल स्किल्स, लीडरशिप स्किल्स, टाइम मैनेजमेंट स्किल्स, क्रिएटिविटी स्किल, ऑर्गेनाइजेशनल स्किल्स, मार्केटिंग स्किल्स, मोटिवेशनल स्किल, कम्प्यूटर स्किल्स, सेल्स एंड एडवर्टाइजमेंट स्किल, एजुकेशन स्किल, अकाउंटिंग एंड फाइनेंस स्किल, प्रेजेंटेशन स्किल्स, हुमन रिसोर्स स्किल, डिजिटल मार्केट स्किल के बारे में विस्तार पूर्वक बताई। 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स में दूसरे दिन वतन सिंह राजपूत उपस्थित थे।

उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के स्किल समूह के साथ-साथ लाइफ मैनेजमेंट स्किल के बारे में भी बताई महाविद्यालय में कार्यरत समस्त प्राध्यापकगण भी विभिन्न विभिन्न रूपों में विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को अलग-अलग बातें सीखने जिसमें प्रमुख रूप से महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक सुश्री आभा प्रजापति, मयंक देवांगन, धनंजय साहू, सुश्री देविका देवांगन, सुश्री ऐश्वर्या श्रीवास्तव, सुधीर मिश्रा एवं सुश्री युक्ता साहू ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स में अलग-अलग विषय वस्तु को लेकर स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया। जिसमें विद्यार्थियों का न केवल बौद्धिक विकास बल्कि बौद्धिक विकास के साथ-साथ मानसिक शारीरिक एवं भविष्य में किए जाने वाले बिजनेस के बारे में भी बताएं साथ ही इस कोर्स में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियो का विकास करना है।

# मोदी की गारंटी हितग्राही को हर योजना का लाभ सत प्रतिशत मिले - गिरवर साहू



डोंगरगढ़ (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा नारायणगढ़ में जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू के मुख्यातिथि में सम्पन्न हुआ।

गिरवर साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन होने से हितग्राहियों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है ,तथा उनकी चिंता दूर हो रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत समाज के हर वर्ग के लोगों तक योजनाएं पहुँच रही हैं योजनाओं से वंचित लोगो को भी योजनाओं का लाभ मिल रहा है जो कभी वंचित होकर चिंतित थे। जिस तरह मोदी की गारंटी थी कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को जिसे कांग्रेश की सरकार ने रोक कर रखा था जिसे भाजपा की सरकार बनते ही स्वीकृति प्रदेश की विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनते ही स्वीकृति प्रदान किया गया। किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। इस कार्यक्रम में जनपद प्रतिनिधि घनश्याम वैष्णव, भाजपा नेता चेतन साहू, राम जी चंद्रवंशी, रजभान निषाद, पीताम्बर सिन्हा साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच श्री मति जोशी सरपंच के द्वारा मोदी जी का संकल्प पत्र का वाचन किया गया।

# नशा मुक्त समाज बनाने में युवाओं की भूमिका अहम - कोसले

**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के ग्राम ढारा में लगे 7 दिवसीय विशेष शिविर में प्राचार्य डॉक्टर ई. व्ही. रेवती निर्देशन एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी हेमुराम पद्मे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी तथा सहयोगी प्राध्यापकगण एवलाल मेश्राम के उपस्थिति में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ढारा मे शिविर के चतुर्थ दिवस 15 जनवरी को बौद्धिक परिचर्चा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के काउंसलर हितेंद्र कोसले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**




एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक परिचर्चा आयोजित

बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री कोसले ने अपने उद्बोधन में शिविरार्थियों को नशा से होने वाले दुष्परिणाम एवं बचाव के सन्दर्भ में विस्तृत रूप से जानकारियां दी और सभी युवाओं को शपथ भी दिलाई गई। प्राध्यापकगण वेदप्रकाश साहू, गुलशन सिन्हा ,श्रीमति नीलम चतुर्वेदानी द्वारा भी अपने विचार रखे गये। गुलशन सिन्हा द्वारा दृढ़ संकल्प हो तो असंभव भी संभव है जैसे अरुणिमा सिन्हा माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही का उदाहरण प्रस्तुत कर प्रेरित किए। साथ की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ टीम द्वारा स्वास्थ परिक्षण शिविर भी आयोजित की गई। जिसमे शिविरार्थियों सहित ग्रामीण लोगो को भी लाभ मिला। बौद्धिक परिचर्चा संपन्न होने के पश्चात मुख्य अतिथि हितेंद्र कोसले को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल महोबिया, डाकेश्वर साहू, रमन साहू, शिवम, दलनायक विक्की रामटेके, दालनैयका वैशाली, राजाराम, लीना, मानसी उमाकांत, दीपशिखा, रोशन, वीरेंद्र, मयूरी, माधुरी एवं समस्त स्वयंसेवकों द्वारा आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन मयूरी एवं दीपिका द्वारा किया गया।

# यात्री ट्रेनों की समस्याओं के संबंध में सांसद संतोष पांडे को दिया गया ज्ञापन

डोंगरगढ़ (दावा)। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डोंगरगढ़, मुसरा, राजनांदगांव से हजारों की संख्या में लोग, छात्र, मजदुर यहाँ से दुर्ग, भिलाई, रायपुर से आना जाना करते है। जिसका सुगम साधन रेल परिवहन है। विगत कोरोनाकाल से यात्री पैसेंजर ट्रेन, मेमु को कैंसल कर दिया गया है। जिससे आना-जाना होता था। इसे लेकर रेलयात्री संघ की ओर से राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि, उपरोक्त विषय के संबंध में आपको कई बार अवगत कराया गया जिस बावत् रेल प्रशासन द्वारा मेंटेनेन्स का कारण बताया गया। हम उसे भी सहते रहे। इस विषय अन्तर्गत आपसे अनुरोध है की,गाडी संख्या 08730 डोंगरगढ़ रायपुर मेमू व 08724 गोंदिया रायपुर मेमू जो बंद पड़ी है उसे चालू किया जाये एवं 08724 गोंदिया से रायपुर मेमू लोकल को यदि गोंदिया से चलाने में असुविधा हो रही है तो इसे डोंगरगढ़ से रायपुर चलाया जाये। गांड़ी संख्या 08709 रायपुर डोंगरगढ़ मेमू को पहले रायपुर से 5.20 शाम को छोड़ा जाता था उसे सब 8.40 शाम को छोड़ा जाता है।



रेलयात्री संघों ने रेल सुविधाओं को लेकर असंतोष व्यक्त किया

उसे पुनः 5.20 शाम किया जाये।गाडी संख्या 12855 बिलासपुर इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस इनको पहले के टाईम रायपुर से 6.00 शाम को छोड़ा जाये, जो अभी 5.05 शाम किया गया है।गाड़ी संख्या 08862 झारसुगड़ा गोंदिया पैसेंजर मेमू को पहले के टाईम 5.00 बजे रायपुर से पुनः किया जाये जो अभी रायपुरसे 5.40 शाम किया गया है और यह गाड़ी कभी भी सही समय पे नहीं चलती है।रसमड़ा से बोरतलाव तक एक रेलवे क्षेत्र रायपुर रेल मंडल में शामिल किया जाये जो कि नागपुर रेल मंडल में है।

यहां से नागपुर जंक्शन की दूरी 210 कि0मी0 हैं। इस बाबत डी. आर. एम्. नागपुर से समस्या हेतु रूबरू नहीं मिला जा सकता।आशा करते हैं आप इस बाबत् हमारी समस्याओं पर ध्यान देंगे। उक्त ज्ञापन दैनिक रेल यात्री संघ डोंगरगढ़ (240 सदस्य संख्या), दैनिक रेल यात्री संघ मुसरा (280 सदस्य संख्या),दैनिक रेल यात्री संघ राजनांदगाव (100 सदस्य संख्या) की ओर से दिया गया।

# मुरेटीटोला में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

अं चौकी (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत मुरेटीटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुरेटीटोला, कौड़ीकसा, देवरसुर, तारमटोला के सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीणजन व जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यक्रम में 18 आंगनबाड़ी केंद्रों को कूलर वितरित किया गया

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित जनपद पंचायत अं चौकी के उपाध्यक्ष नरोत्तम देहारी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। श्री देहारी ने कहा कि अब गर्मी के दिनों में आंगनबाड़ी के बच्चों को ठंडी हवाएं मिलने लगेगी। श्री देहारी ने मुरेटीटोला, कौडीकसा, देवरसुर, तारमटोला के सभी 18 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए सुविधा बढ़ाने 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुलर का वितरण भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती विनीता सोनी ने जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए कूलर प्रदान करने पर विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था तथा आम जनों से योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को स्वीकार किया गया व योजनाओं की जानकारी विभाग के द्वारा दी गई। किस अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपना अपना अनुभव भी प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में सरपंच कुंती बाई मंडावी,उप सरपंच उमराव चोरिया, देवरसुर सरपंच बसंत मंडावी, भाजपा मंडल से जनक सोनवानी, गैन्दलाल साहू, बंशी जुरेशिया, सुपरवाईजर श्रीमती कश्यप, दुलारू साहू, सचिव दिलीप नेताम, सेवानिवृत्त प्राचार्य ए आर भुआर्य, ज्ञानचंद कुम्भज, मत्स्य निरीक्षक अरविंद रजक, पीएचसी विभाग से खरे, कृषि विभाग अधिकारी श्री चुरेन्द्र, करारोपण अधिकारी मिलाप नेताम, अश्वन कोरेटी, गेन्दसिंग कोरेटी, पंच नरसिंह कुल्हारे, कनक बाई कोरेटी, श्रीमती राधिका साहू, मोबाईल क्रैचेस से इंदल कोर्राम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया ने किया दिग्विजय महाविद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया ने शा. दिग्विजय महाविद्यालय के चार छात्र-छात्रायों को उनकी प्रतिभा एवं उल्लेखनीय कार्यों हेतु उत्कृष्ठ छात्र सम्मान प्रदान किया। माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया द्वारा चयनित उत्कृष्ट विद्यार्थी स्नातकोत्तर स्तर के लिए विजय कुमार वर्मा, एन.जे.के. अब्दुल जहीन खान को एवं स्नातक स्तर के लिए कमलेश साहू, चेष्टा रानी यादव को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर के द्वारा सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों को सत्र 2022-23 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया द्वारा चयनित किया गया था। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

इस कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी इंडिया के कोऑर्डिनेटर डॉ. सोनल मिश्रा (माइक्रोबायोलॉजी विभाग प्रभारी), डॉ. त्रिलोक देव (सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र), डॉ.प्रमोद कु. महिस सहायक प्राध्यापक (बायोटेक), सुश्री प्रगति नोंहारे एवं श्रीमती श्वेता वर्मा (अतिथि व्याख्याता माइक्रोबायोलॉजी) उपस्थित थे।

# स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान शिविर सफलतापूर्ण सम्पन्न




शिविर में 20 शालाओं से 59 स्काउट व 18 गाइड ने लिया हिस्सा

**डोंगरगांव (दावा)। आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव में आयोजित स्काउट गाइड का विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान शिविर का समापन 14 जनवरी रात्रि 8 बजे ग्रैंड कैंप फायर के रूप में हुआ. ग्रैंड कैंप फायर के मुख्य अतिथि के रूप में टिकेश साहू अध्यक्ष जपं डोंगरगांव शामिल हुए.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.एल.पात्रे बीईओ डोंगरगांव ने किया एवं विशिष्ट अतिथि रश्मि ठाकुर एबीईओ, आर.डी.मानिकपुरी प्र.पाठक पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगांव, सेवाराम पटेल, देवेश साहू संकुल समन्वयक डोंगरगांव की गरिमामय उपस्थिति रही. मुख्य अतिथि के आसंदी से टिकेश साहू ने कहा बच्चों को एक अच्छे नागरिक बनाने में स्काउट-गाइड का बहुत बड़ा योगदान होता है. स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चे स्कूली पाठ्यक्रम के अलावा बहुत सारी बातें सीखते हैं, जो जीवन के लिए अति आवश्यक है. सुश्री रश्मि ठाकुर द्वारा बच्चों की कंपास के बारे में तथा 16 दिशाओं के नाम पूछे बच्चों ने तुरंत उसका उत्तर दिया.

सही उत्तर देने पर 100 का नगद पुरस्कार उनके द्वारा दिया गया. स्काउट गाइड की छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें पंथी गीत, करमा नृत्य, देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए शिविर संचालक श्री सुरेश कुमार साहू के द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. उन्होंने बताया कि इस शिविर में 20 स्कूलों के 59 स्काउट 18 गाइड ने हिस्सा लिया. सहायक शिविर संचालक एन.के. धमगेश्वर, राखी रामटेके गाइड विशेष प्रशिक्षक के रूप में रूपधन राणा, दिनेश साहू, मीना पटेल, वीणा देवांगन क्वार्टर मास्टर नारद भूआर्य, अतिथि प्रशिक्षक के रूप में जी.एस.राजपूत, योग शिक्षक के रूप में अलखराम साहू, डीओसी मयूख श्रीवास्तव शामिल हुए, वहीं कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन विकासखंड सचिव टोमन पटेल ने किया और मंच का संचालन सुरेश कुमार साहू ने किया.

# श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व शहर में निकली श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व संस्कारधानी नगरी में भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई वही शहर में बाइक रैली की भी घूम रही। आकर्षक ढंग से सजे पांच घोड़े वाले रथ में पांच वर्ष के बालक के रूप में बिराजमान भगवान श्रीराम का दर्शन के लिए श्रद्धालु जन उमड़ पड़े। शहर में सुबह नौ बजे व दोपहर दो बजे अलग-अलग रूप में धूमधाम के साथ निकाली गई भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा में जै-जै श्रीराम के उद्घोष गुंजायमान रहा वही सुबह सर्राफा वालों द्वारा पाटा ग्रुप के माध्यम से निकाली गई।





## शहर में गूंजे जय-जय श्रीराम के नारे बाइक रैली की रही धूम

भगवान श्री राम की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में भजन गायक भावेश बैद के भजनों में शोभायात्री जन झूमते थिरकते रहे। इस दौरान शोभायात्रा का धूमधाम के साथ शहर भ्रमण हुआ जिसमें पार्षद मधुबैद, मनोज बैद, दामू भूतड़ा, गुप्ता वकील, राजेन्द्र जैन बंडू, सोहन गुप्ता, हरिनारायण गुप्ता श्री किशन जोशी, प्रकाश सांखला, खाती, जैनम बैद, अग्रहरि, श्याम खंडेलवाल, नासीर खान, सहित बड़ी संख्या में सर्राफा व्यवसायी व सनातन धर्मियों में हर्ष की लहर रही। भगवा ध्वज लहराते हुए चल रहे शोभायात्रा में शामिल प्रत्येक जनों के गले में भगवा गमछा शोभायमान हो रहा था। वही भजन-कीर्तन की धुन माहौल को श्रीराममय बना रहा था। उल्लास व उत्साह से भर पूरे शहर में निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा का धूमधान के साथ नगर भ्रमण हुआ। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रियों पर पुष्प वर्षा कर व उन्हें स्वल्पाहार प्रदान कर स्वागत सत्कार किया गया।

### बाईक रैली की रही धूम

संस्कारधानी नगरी में गुरूवार का दिन भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा व बाईक रैली के लिए समर्पित रहा। भगवा पगड़ी लगाए महिलाएं शान से बाइक रैली निकाल कर जै-जै श्री राम के नारे उच्चारित करती रही वही उनका मर्दानी रूप लिए बाइक रैली में एक्सीलेटर पर थमे हाथ लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्रा बना रहा। श्रीराम जन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल आदि समस्त हिन्दू संगठनों की उपस्थिति में महावीर चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से दोपहर को निकाली गई, भव्य शोभायात्रा में श्रीराम भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही। शोभायात्रा का नेतृत्व समिति के जिला अध्यक्ष नीरज बाजपेयी शहर अध्यक्ष-योगेश बागड़ी सह-संयोजक ओमप्रकाश अग्निहोत्री आदि कर रहे थे।

इस दौरान सुमीत जैन, बालू भंसाली, मूलचंद भंसाली, कमल सोनी, अमित खंडेलवाल, प्रशांत सोनी, बजरंगद, विश्व हिन्दू परिषद के अरूण गुप्ता, नंदू साहू, अनुप श्रीवास, त्रिगुण सादानी, प्रकाश सांखला, राजेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मीजन उपस्थित थे। वही महिलाओं में पार्षद मधु बैद, डॉ. रेखा मेश्राम, पारूल जैन, पूर्व पार्षद जमुना बाई, पूर्णिमा साहू, छाया तिवारी, श्रीमती करूणा यादव, एकता अग्रहरि, मोना गोसाई आदि बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतिया शामिल थी। बाइक यात्रा का शहर के महावीर चौक से प्रारंभ होकर तुलसीपुर मोतीपुर स्टेशन पारा गौरी नगर आदि के अलावा बसंतपुर, नंदई, भारत माता चौक, सदर बाजार, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाइन, मानव मंदिर चौक आदि जगते से होते हुए पुनः महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां प्रसादी वितरण के पश्चात शोभायात्रा व बाईक रैली का समापन किया गया।

# बैंक कर्मचारी ने ग्राहकों के खाते से निकाले 2 करोड़ : शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के बाद हुआ घाटा; गिरफ्तार

**राजनांदगांव(दावा)। शहर के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में वहां के एक कर्मचारी द्वारा बैंक के ग्राह्को के खातों से लाखों रुपए निकाल कर अपने खाते में ट्रांसफर किए जाने की धोखाधड़ी किए वाली घटना सामने आई है।**

घटना के संबंध में प्रार्थियां सुश्री बी. अनुषा पिता बीटी शर्मा निवासी सनसिटी द्वारा कोतवाली थाने में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उक्त आरोपी के खिलाफ लिखित आवेदन प्रस्तुत की थी। आवेदन में कहा गया है कि आरोपी आदेशराज भावे सिंगल विंडो आपरेटर द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा राजनांदगांव में कार्यरत रहते हुए लाखों रुपए की उक्त धोखाधड़ी का कार्य किया है। इस संबंध

## अलग-अलग मोबाईल नंबरों का किया उपयोग



में कोतवाली पुलिस द्वारा प्रार्थियां की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 409 व 420 के तहत अपराध कायम करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि आरोपी आदेशराज भावे को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बताया जाता है कि आरोपी आदेशराज भावे के खिलाफ कोतवाली थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सिंगल विंडो आपरेटर-ए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा के कर्मचारी के रूप मे कार्य करते हुये बैंक के ग्राहकों के खाते का रकम 2,32,17,000 रु. (दो करोड़ बत्तीस लाख सत्रह हजार) रूपये अवैधानिक और अनधिकृत रूप से कपटपूर्वक उनकी जानकारी व सहमति के बिना, उनके खाते में अन्य के मोबाईल नंबरों का उपयोग कर अपने निजी बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया गया था। वहीं कुछ ग्राहकों के खाते में 99,15,000 रु. (निन्यानबे लाख पंद्रह हजार) रूपये वापस जमा कर दिया। इस प्रकार आरोपी द्वारा कुल 1,33,02,000 रु. (एक करोड़ तैंतीस लाख दो हजार) रूपये का गबन किया गया। उक्त संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू द्वारा प्रार्थियां के निवेदन पश्चात आवेदन पत्र व संलग्न दस्तावेजों के अवलोकन पर प्रथम दृष्टया आरोपी आदेश राज भावे द्वारा बैंक का कर्मचारी होकर कपटपूर्वक राशि हडपने के नियत से बैंक के ग्राहकों का रकम का अपराधिक न्यासभंग करना पाया गया।

थाना प्रभारी श्री साहू द्वारा तत्संबंधित अपराध कायमी की जानकारी तत्काल अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एसपी मोहित गर्ग को दी। तथा उनके निर्देश व एएसपी राहुलदेव शर्मा तथा सीएसपी अमित पटेल के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपी को पकड़ने पुलिस को रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा आरोपी आदेश राज भावे पिता देवी दास भावे (30वर्ष) निवासी ममता नगर, वार्ड नं 18 गली नं 7 की खोजबीन की गई। वहां नहीं मिलने पर मुखबीर की सूचना पर 15 घंटे के भीतर रायपुर से उसे पकड़ कर कोतवाली थाने लाया गया। पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, प्रधान आरक्षक जी. सिरिल, प्रख्यात जैन, रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# विधायक भोलाराम साहू ने खोया आपा... कांग्रेस की बैठक में ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन को दी गाली

**लोकसभा प्रभारी व जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में हुई शर्मनाक घटना, शहर में बना चर्चा का विषय**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए गुरूवार 18 जनवरी को जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर सहित ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। राजनांदगांव लोकसभा समन्वयक दीपक दुबे व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू की उपस्थिति में साहू सदन में हुई बैठक में आज अजीब वाक्या हो गया, जिसे देखकर लोकसभा समन्वयक सहित सभी लोग भौचक्क रह गए। बताया जाता है कि बैठक में उपस्थित खुज्जी विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भोलाराम साहू अपने क्षेत्र के छुरिया ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन के प्रति उखड़ गए और उसके खिलाफ ऐसी भद्दी-भद्दी गालियों का उपयोग किया कि बैठक में उपस्थित लोगों को आश्चर्य चकित हो जाना पड़ा। जानने में आया है कि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कथित रूप से पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर छुरिया ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन पर अपना गुस्सा उतारा व भरी बैठक में उस पर चिल्लाते हुए गाली-गलौज की। बताया जाता है कि खुज्जी विधायक ने कालेज में उसे अतिथि नहीं बनाये जाने को लेकर जमकर भड़ास निकाली। इससे बैठक में उपस्थित सभी लोग सन्न रह गए।

बताया जाता है कि भरी बैठक में अपने अपमान से क्षुब्ध रितेश जैन ने विधायक भोलाराम साहू के इस करतूत की शिकायत राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ लोकसभा प्रभारी से करने का मन बना लिया है। विधायक महोदय का उग्र रूप शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि परिवार का मामला है, जिसे आपस में सुलझा लिया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं लोकसभा राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि विधायक का छुरिया ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन के साथ गाली-गलौज की घटना बैठक के बाद हुई। तत्संबंधित शिकायत होने पर पार्टी इसे संज्ञान में लेगी।

# धान भरी ट्रक के चक्के में दबकर युवक की मौत, एक घायल



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली थाना क्षेत्र के मिश्रा डाक्टर के क्लीनिक के पास शाम चार-साढ़े चार बजे गठुला की ओर से धान भर कर आ रही तेज रफ्तार ट्रक से एक्सीडेन्ट होकर एक युवक की मौत हो गई वही बाइक में सवार लखोली निवासी युवक बुरी तरह घायल हो गया। उसे तत्काल मेडिकल हास्पिटल पेंड्री ले जाया गया है।

चौकी चिखली थाना प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि गठुला की ओर धान भर कर आ रही ट्रक क्रं. सीजी 07 सी 6717 के चालक ने बाइक सवार युवकों को ट्रक की चपेट में ले लिया। इससे खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दिलीपपुर निवासी 23 वर्षीय शुभम वर्मा पिता शिव वर्मा ट्रक के पिछले चक्के में आकर मौके पर ही दम तोड़ दिया वही बाइक में बैठे लखोली निवासी शरद यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया गया है।

# डोंगरगांव पुलिस ने 18 हजार का जुआं पकड़ा, पांच जुआड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ग्राम बीमार व शिवनाथ नदी तट पर जुंआ खेल रहे पांच जुआरियों को धर-दबोचा है। छापामार कार्रवाई करते हुए पकड़े गए जुआरियों से पुलिस ने नगदी रकम 17610 रुपए व दो दरी तथा ताश की 52 पत्ती जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार नग मोटर सायकल सहित कुल रकम 2,97,610 रूपये जप्त की है।

बता दें कि 18 जनवरी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में डोंगरगांव पुलिस को मुखबीरों से लगातार मिल रही जुआरियों के द्वारा अवैध रूप से ताश पत्तियों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल, खेल रहें है कि सुचना पर पुलिस टीम बनाकर रवाना कर पास के ग्राम बाघमार, थाना डोंगरगांव के शिवनाथ नदी के किनारे में पहुंच कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया, मौके से 05 जुआरियों को रंगे हाथों जुआ खेल खेलते पकड़ा, पुलिस ने बताया कि जुआरियों में प्रमोद कुमार जैन पिता स्व. मुलचंद जैन, उम्र- 52 साल, पता- खुज्जी, नितिन जैन पिता कन्हैया लाल जैन उम्र- 29 साल, पता- संबलपुर, लोमेश यामले पिता विरसिंग यामले, उम्र- 19 साल, पता- संबलपुर, चेतन विश्वकर्मा पिता होरीलाल उम्र 25 साल, पता नादिया व लीलाधर साहू पिता चैतराम साहू, उम्र 19 साल, पता गिधवा ओपी पिनकापार जिला बालोद को हिरासत में लिया गया।

आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ जुआ प्रतिशोध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया है। रेड कार्यवाही में थाना डोंगरगांव पुलिस स्टाफ की विशेष भुमिका रही है।

## दिग्विजय कॉलेज की सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी में संशोधन

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय स्वशासी सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2023 के समय-सारिणी में छ.ग. शासन द्वारा दिनांक 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एवं दिनांक 25 जनवरी को छेरछेरा पर्व के उपलक्ष्य में शासकीय अवकाश घोषित होने के कारण उक्त दिनांक को आयोजित परीक्षा समय-सारिणी में संशोधित किया जाता है।







# विघटनकारी भाजपा से देश को बचाना ही कांग्रेस का मूल उद्देश्य - दीपक दुबे

**दस वर्षों में जनता को महंगाई, बेरोजगारी का दंश दिया भाजपा ने**



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के तैयारी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। इस परिप्रेक्ष्य में एआईसीसी से नियुक्त राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक दीपक दुबे राजनांदगांव पहुंचकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी सहित विधायक, वरिष्ठ कांग्रेसजनों की आवश्यक बैठक लेकर पार्टी के दिशा निर्देश से अवगत कराया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व लोकसभा संचार प्रभारी रुपेश दुबे ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को तीव्र कर राजनांदगांव लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कांग्रेस जनों को चार्ज करने श्री दीपक दुबे जी का आगमन हुआ था। बैठक में स्वागत भाषण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने देते हुए बैठक के विषय के संबंध में उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराया।

लोकसभा पर्यवेक्षक श्री दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि आज जिस प्रकार से देश में आराजकता के हालात हैं उसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार दोषी है। एक तरफ जहां आम जनता महंगाई से त्रस्त है। वहीं दूसरी ओर युवा बेरोजगारी से ग्रसित है। सबसे दुःखद पहलु है कि भाजपा की नीति हिंदू-मुस्लिम भाईचारा को नष्ट करने की प्रमुखता से है। विकास के अवधारणा को छोड़ भाजपा धर्म की राजनीति पर उतारु हो गई है। लेकिन कांग्रेस भाजपा के इस मिथक को तोड़ने के लिए कांग्रेस पूरी लगन से लगी हुई है। कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जब-जब देश में विघटनकारी ताकतें बढ़ी हैं तब-तब उनके आतंक को समाप्त करने के लिए कांग्रेस ही खड़ी हुई है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के आठ में से पांच विधानसभा में कांग्रेस के विधायक निर्वाचित हुए हैं और कांग्रेस यहां मजबूत स्थिति में है। इससे यह स्पष्ट है कि, राजनांदगांव क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्ता ईमानदार एवं कर्मठ हैं। उनकी एकजुटता से हम राजनांदगांव लोकसभा सीट निश्चित रुप से जीतकर आएंगे। संगठन के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति किया जाना है साथ ही बूथ लेवल के संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य करते रहना है क्योंकि यही हमारी जीत के आधार हैं।

श्री दुबे के ओजस्वी उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह का संचार हुआ और छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के झूठे वादे एवं मोदी की गारंटी की असफलता को लेकर आम जनता के बीच पहुंचकर किसानों को 31 सौ रुपए का नगद भुगतान न होने, महतारी वंदन योजना का अतापता नहीं होने एवं अयोध्या दर्शन के नाम पर मात्र एक वर्ष में 20 हजार लोगों का सशर्त चयन करना छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है। आदि सभी मुद्दों के साथ हमें प्रत्येक बूथों में जाकर भाजपा की पोल खोलनी है। बैठक में आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने किया। बैठक में मुख्य रुप से विधायक भोलाराम साहू, हर्षिता बघेल, छाया विधायक गिरीश देवांगन, प्रदेश महामंत्री शाहीद भाई, थानेश्वर पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, प्रकाश यादव, भुनेश्वर बघेल, महापौर हेमा देशमुख, पद्म कोठारी, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिंटू, आफताब आलम, दिनेश शर्मा, निखिल द्विवेदी, शारदा तिवारी, माया शर्मा, चित्रलेखा वर्मा, विकास त्रिपाठी, इकरामुद्दीन सोलंकी, हनी ग्रेवाल, वीरेंद्र बोरकर, अंगेश्वर देशमुख, रितेश जैन, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रतन यादव, कोमल साहू, चेतन साहू, अब्दुल खान, घनश्याम देवांगन, संध्या देशपांडे, गोपीचंद गायकवाड़, सिद्धार्थ डोंगरे, सुरेश सिन्हा, अशोक फड़नवीस, राजू सिंह राजपूत, रमेश खंडेलवाल, राहुल तिवारी, महेंद्र दाऊ, यशवंत तिवारी, विनय झा, विपिन यादव, अरशद खान, श्रुति शुक्ला, आरती महोबिया, हरिश भंडारी, चंद्रकला देवांगन, अभिमन्यु मिश्रा, तुकज साहू, संदीप जायसवाल, हितेष गोनाडे, सरेंद्र देवांगन, अतुल भारद्वाज, सीमा यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री अमित चंद्रवंशी एवं अजय मारकंडे ने किया।















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com